वर्ष : 33 | अंक : 39 | पृष्ठ : 8 | मुंबई, गुरुवार, 25 अप्रैल 2024 | RNI: MAHHIN/49994/91 | मूल्य : 3 रुपए | epaper.dobajedopahar.com | संपादक : अरुण लाल




# दो बजे दोपहर

मुंबई, नवी मुंबई, ठाणे, पालघर, रायगढ़, नासिक, पुणे से एक साथ प्रकाशित

पत्रकारिता पावर नहीं रिस्पांसिबिलिटी है




# थम गया दूसरे चरण का शोर अब डोर टू डोर होगी मनुहार

**महाराष्ट्र की आठ सीटों पर थमा चुनाव प्रचार, मतदान कल**

**13 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की 88 लोकसभा सीटों पर डाले जाएंगे वोट**

अमित बृज । मुंबई

प्रदेश की आठ लोकसभा सीटों पर होने वाले दूसरे चरण के लोकसभा चुनाव के प्रचार का शोर थम गया। शाम 6 बजने के साथ ही जनसभा, लाउडस्पीकर प्रचार, रोड शो नहीं होंगे। अब प्रत्याशी सिर्फ दो टू डोर ही प्रचार कर सकेंगे। राज्य निर्वाचन विभाग ने मतदान के अंतिम 48 घंटे के लिए जारी दिशा-निर्देश की पालना करनी होगी। प्रत्याशी किसी भी तरह के लाउडस्पीकर के साथ में प्रचार नहीं कर सकेंगे। साथ ही जुलूस भी नहीं निकाल सकेंगे। इतना ही नहीं निर्वाचन आयोग की गाइडलाइन के अनुसार स्टार प्रचारकों को भी लोकसभा क्षेत्र की सीमाओं को छोड़ना होगा।

### देश में 88 सीटों पर वोटिंग

दूसरे चरण में 12 राज्यों और एक केंद्रशासित प्रदेश की 88 लोकसभा सीटों पर 26 अप्रैल को मतदान होगा। दूसरे चरण में 1,206 प्रत्याशी मैदान में हैं। दूसरे चरण में वायनाड से पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी, मथुरा से हेमा मालिनी, मेरठ से अरुण गोविल मैदान में हैं। तिरुवनंतपुरम से शशि थरूर का मुकाबला केंद्रीय मंत्री चंद्रशेखर से है। जम्मू लोकसभा सीट से भाजपा के जुगल किशोर का मुकाबला कांग्रेस के रमन भल्ला से है, यहां गुलाम नबी आजाद की पार्टी डीपीएपी ने जीएम सरुरी को चुनावी मैदान में उतार कर मुकाबले को त्रिकोणीय करने का प्रयास किया है।

### इन सीटों पर होंगे चुनाव

विदर्भ की जिन आठ सीटों पर 26 अप्रैल को मतदान होगा, वे सीटें हैं बुलढाणा, अकोला, वाशिम-यवतमाल, वर्धा, अमरावती, हिंगोली, नांदेड़ और परभणी। इन आठ लोकसभा क्षेत्रों में कुल 204 उम्मीदवार अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। दूसरे चरण के चुनाव में करीब 14 ।9 लाख मतदाता वोट डालेंगे। एनडीए-बीजेपी और अविभाजित शिवसेना ने 2019 में इन 8 सीटों में से 7 सीटें जीती थीं। बीजेपी को अकोला, वर्धा और नांदेड़ मिलीं, जबकि उसकी गठबंधन सहयोगी सेना ने बुलढाणा, यवतमाल-वाशिम, हिंगोली और परभणी से जीत हासिल की। नवनीत कौर, जो अब बीजेपी में शामिल हो गई हैं, ने 2019 में अमरावती से निर्दलीय के रूप में जीत हासिल की थी।

### चुनाव मैंदान में हैं ये दिग्गज

**राहुल गांधी :** केरल की वायनाड लोकसभा सीट से कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी फिर चुनाव लड़ रहे हैं। भाकपा की एनी राजा और NDA के के सुरेंद्रन उनके खिलाफ चुनाव मैदान में हैं।

**शशि थरूर :** केरल के तिरुवनंतपुरम लोकसभा सीट पर कांग्रेस के सांसद शशि थरूर फिर से उम्मीदवार हैं। बीजेपी ने उनके खिलाफ राजीव चंद्रशेखर और लेफ्ट के पनियन रवींद्रन को मैदान में उतारा है।

**ओम बिरला :** राजस्थान की कोटा सीट से लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला फिर से बीजेपी के उम्मीदवार हैं। कांग्रेस ने उनके खिलाफ प्रहलाद गुंजल को उतारा है।

**हेमा मालिनी :** मथुरा लोकसभा सीट से हेमा मालिनी के खिलाफ कांग्रेस के मुकेश ढांगर चुनाव मैदान में हैं।

### किसका किससे मुकाबला?

**अकोला सीट :** अकोला सीट से एनडीए की तरफ से अनूप धोत्रे और इंडिया गठबंधन की तरफ से अभय काशीनाथ पाटिल चुनावी मैदान में हैं। इस सीट से प्रकाश आंबेडकर की पार्टी वंचित बहुजन अघाड़ी भी चुनाव लड़ रही है। इस सीट पर त्रिकोणीय मुकाबला देखने को मिलेगा।

**बुलढाणा सीट :** बुलढाना निर्वाचन सीट से एनडीए उम्मीदवार प्रतापराव गणपतराव जाधव का मुकाबला इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार नरेंद्र खेडेकर से होगा।

**अमरावती सीट :** अमरावती सीट से एनडीए की तरफ से नवनीत राणा और इंडिया गठबंधन की तरफ से बलवंत बसवंत वानखेड़े चुनावी दंगल में आपस में आपस में टकरायेंगे।

**वर्धा सीट :** वर्धा सीट से एनडीए से रामदास तडस और इंडिया गठबंधन की तरफ से अमर शरदराव काले को टिकट दिया गया है।

**यवतमाल-वाशिम सीट :** यवतमाल-वाशिम निर्वाचन क्षेत्र से एनडीए ने राजश्री हेमंत पाटील और इंडिया गठबंधन ने संजय देशमुख को मैदान में उतारा है।

**हिंगोली सीट :** हिंगोली सीट से एनडीए ने बाबूराव कदम कोहलीकर और इंडिया गठबंधन ने नागेश पाटील आष्टीकर चुनावी मैदान में हैं।

**नांदेड़ सीट :** नांदेड़ सीट से एनडीए ने प्रताप राव चिखलीकर और इंडिया गठबंधन ने वसंतराव चव्हाण को उम्मीवार बनाया है।

**परभणी सीट :** परभणी सीट से एनडीए ने महादेव जानकर और इंडिया गठबंधन ने संजय हरिभाऊ जाधव को टिकट टिकट दिया है।



### बीजेपी के लिए चुनौती, कांग्रेस के लिए अवसर

साल 2019 के लोकसभा चुनाव में इन 87 में से 62 सीटों पर बीजेपी और इसके सहयोगी दलों को जीत मिली थी। जीत प्रतिशत के लिहाज से देखें तो यह आंकड़ा 71% रहा था। कांग्रेस को पिछले लोकसभा चुनाव में जिन 52 सीटों पर जीत मिली थी उनमें से 18 सीटों पर इस चरण में मतदान होना है। इसमें 2019 में केरल में कांग्रेस के द्वारा जीती गई 15 सीटें भी शामिल हैं। इस तरह देखा जाए तो लोकसभा चुनाव 2024 के दूसरे चरण के मतदान में बीजेपी के लिए अपना दबदबा कायम रखने की चुनौती है, जबकि कांग्रेस के लिए अपनी सीटें बढ़ाने का अवसर है।

---

**न्यूज़ ब्रीफ**

### पहली बार पुणे के रेसकोर्स पर प्रधानमंत्री की सभा

**पुणे।** लोकसभा चुनाव में प्रचार का तीसरा चरण शुरू हो चुका है। इसी के तहत पुणे शहर, बारामती और शिरूर में प्रचार के लिए बड़े नेताओं की सभाओं का दौर शुरू होने जा रहा है। 29 अप्रैल को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सभा पुणे के रेसकोर्स मैदान पर होने जा रही है। विशेष बात यह है कि, 1977 के बाद पहली बार किसी प्रधानमंत्री की सभा यहां होगी। इसी दिन वारजे में महाविकास आघाड़ी की सभा को शरद पवार और उद्धव ठाकरे संबोधित करेंगे। एक ही दिन होनेवाली ये दोनों ही सभाएं तय करेंगी कि, इस बार के लोकसभा चुनाव में किसका पलड़ा भारी रहेगा।

### मेयर और डिप्टी मेयर चुनाव का रास्ता साफ 26 अप्रैल को होगी वोटिंग

**नई दिल्ली।** दिल्ली में मेयर और डिप्टी मेयर चुनाव का रास्ता साफ हो गया है। राष्ट्रीय चुनाव आयोग (ECI) ने दिल्ली नगर निगम (MCD) में मेयर और डिप्टी मेयर चुनाव को लेकर अनापत्ति प्रमाण पत्र जारी किया। इसके साथ ही अब दिल्ली में 26 अप्रैल को मेयर और डिप्टी मेयर के चुनाव हो सकेंगे। नियम के मुताबिक दिल्ली में लोकसभा चुनाव के लिए आचार संहिता लागू होने के चलते MCD को मेयर और डिप्टी मेयर चुनाव के लिए ECI की NOC लेना अनिवार्य होती है।

### अमिताभ बच्चन को मिला लता दीनानाथ मंगेशकर पुरस्कार

**मुंबई।** अभिनेता अमिताभ बच्चन को बुधवार को लता दीनानाथ मंगेशकर पुरस्कार से सम्मानित किया गया। पांच मंगेशकर भाई-बहनों में सबसे बड़ी लता की 2022 में मृत्यु हो जाने के बाद परिवार और ट्रस्ट ने सुर सम्राज्ञी की याद में पुरस्कार की स्थापना की थी। बच्चन (81) को यह सम्मान 24 अप्रैल को रंगमंच-संगीत के दिग्गज और मंगेशकर भाई-बहनों के पिता दीनानाथ मंगेशकर के स्मृति दिवस पर मिला। मंगेशकर भाई-बहनों में तीसरे नंबर की गायिका उषा मंगेशकर ने बच्चन को पुरस्कार प्रदान किया।

**मौसम**

| | तापमान | नमी |
|---|---|---|
| मुंबई | 36.0-29.0 | 51% |

| | | |
|---|---|---|
| सूर्यास्त | बुधवार | 06:58 बजे |
| सूर्योदय | गुरुवार | 06:15 बजे |

---

**कॉपरेटिव बैंक केस : पवार फैमिली को राहत**

## अजित पवार और पत्नी को मिली क्लीन चिट

- रोहित पवार से जुड़ी कंपनियों को भी क्लीन चिट
- 25 हजार करोड़ के महाराष्ट्र स्टेट को-ऑपरेटिव बैंक घोटाला मामला

एन. के. पुरोहित । मुंबई

महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार की पत्नी सुनेत्रा को बड़ी राहत मिली है। आर्थिक अपराध शाखा यानी EOW की तरफ से उन्हें 25 हजार करोड़ के महाराष्ट्र स्टेट को-ऑपरेटिव बैंक घोटाले में क्लीन चिट मिल गई है। इसके अलावा भतीजे रोहित पवार से जुड़ी कंपनियों को भी क्लीन चिट दी गई है। हालांकि, प्रवर्तन निदेशालय या ED की तरफ से दाखिल चार्जशीट में बताया गया था कि गुरु कमोडिटी और जरांदेश्वर शुगर मिल्स ने लीज को वास्तविक दिखाने के लिए कागजों पर लेनदेन किया था।

### क्या है क्लोजर रिपोर्ट में ?



EOW की ओर से दाखिल क्लोजर रिपोर्ट में कहा गया है कि जरांदेश्वर को-ऑप शुगर मिल को गुरु कमोडिटी से जारांदेश्वर शुगर मिल्स प्राइवेट लिमिटेड को रेंट पर लेने में कोई भी अवैध गतिविधि शामिल नहीं है। EOW की तरफ से रोहित पवार से जुड़ी कंपनियों को भी क्लीन चिट मिली है, जहां कहा गया था कि जब बारामती एग्रो ने कन्नड़ शुगर मिल खरीदी, तब उसकी आर्थिक स्थिति अच्छी थी। साथ ही यहां फंड का कोई डायवर्जन नहीं हुआ है। इस दौरान पूर्व मंत्रि प्राजक्त तानपुरे को भी क्लीन चिट मिली है। MSCB के पास 31 कॉ-ऑपरेटिव बैंक हैं, जिनमें अधिकांश के नाम जिलों पर रखे गए हैं और इनके प्रमुख राजनेता हैं। साल 2002 से 2017 के बीच MSCB ने को-ऑपरेटिव शुगर फैक्ट्रियों को लोन दिए थे और बाद में उनकी जमीनों के साथ इनकी सस्ते दामों में नीलामी कर दी गई थी। ये नीलामियां डिफॉल्ट लोन की वसूली के तौर पर दिखाने के लिए अधिकांश बैंक के प्रमुखों के रिश्तेदारों की गई थीं। खास बात है कि इस मामले की जांच कर रही EOW ने साल 2020 में क्लोजर रिपोर्ट दाखिल कर दी थी, लेकिन बाद में अजित पवार और भतीजे रोहित पवार की जांच के लिए कोर्ट पहुंची और फाइल दोबारा खोलने की मांग की। जनवरी में EOW ने दूसरी रिपोर्ट दाखिल की थी और केस को बंद करने की मांग की। विंग का कहना था कि अजित समेत किसी के खिलाफ कोई सबूत नहीं हैं।

### रिपोर्ट में क्या है ?

क्लोजर रिपोर्ट में कहा गया है कि जरांदेश्वर को-ऑप शुगर मिल की साल 2010 में नीलामी के लिए 13 टेंडर मिले थे। इसे अंधेरी की गुरु कमोडिटीज सर्विसेज को 65 .8 करोड़ रुपए में बेच दिया गया था, जिसके मालिक ओमकार बिल्डर थे। गुरु कमोडिटीज ने इसके बाद मिल को लंबे समय के लिए नई कंपनी जरांदेश्वर शुगर मिल्स प्राइवेट लिमिटेड को बेच दिया था। जरांदेश्वर शुगर मिल्स प्राइवेट लिमिटेड के डायरेक्टर अजित पवार के रिश्तेदार राजेंद्र घाडगे थे। कंपनी के बनने के दो सप्ताह बाद ही 19 नवंबर 2010 को जय एग्रोटेक से इसे 20 .3 करोड़ रुपए मिले। EOW की रिपोर्ट में कहा गया है कि सुनेत्रा पवार जय एग्रोटेक की डायरेक्टर थीं, लेकिन 2008 में पद से इस्तीफा दे दिया था। विंग का कहना है कि लेनदेन में कोई गलत गतिविधियां नहीं हुई हैं और MSCB को कोई नुकसान नहीं हुआ है।

### पहली और दूसरी रिपोर्ट

- कोर्ट में पहली रिपोर्ट के विरोध में याचिकाएं दाखिल होने के बाद EOW ने पहली क्लोजर रिपोर्ट खोली थी। तब ईडी ने दूसरी क्लोजर रिपोर्ट का भी विरोध किया था। जांच एजेंसी का कहना था कि उसकी तरफ से चार्जशीटों में अजित और तानपुरे से जुड़ी मिलों के मामलों में शामिल किए गए मनी लॉन्ड्रिंग के केस में असर पड़ेगा। रिपोर्ट में यह भी कहा गया था कि अब त 1 हजार 343 करोड़ रुपए की रिकवरी हो चुकी है।
- दूसरी रिपोर्ट में EOW मुख्य रूप से रिटायर हो चुके मुख्य जिला न्यायाधीश पंडितराव बापूराव जाधव की तरफ से जुटाई गई जानकारियों पर निर्भर थी। उन्होंने अपनी रिपोर्ट में बताया था कि MSCB बैंक को कोई नुकसान नहीं हुआ है और को-ऑप शुगर मिलों को दिए गए लोन और उनकी नीलामी में सभी प्रक्रियाओं का पालन किया गया था। विंग ईडी की चार्जशीट में आरोपियों के तौर पर शामिल किए गए लोगों के बयानों पर भी निर्भर रही।

---

## राउत के करीबी पर ईडी ने कसा शिकंजा

**73 करोड़ रुपए की संपत्ति की कुर्क**

धीरज सिंह । मुंबई

ईडी ने बुधवार को शिवसेना (यूबीटी) सांसद संजय राउत के कथित सहयोगी प्रवीण राउत के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की। जांच एजेंसी ने मनी लॉन्ड्रिंग जांच के सिलसिले में प्रवीण राउत की 73 करोड़ रुपए से अधिक की जमीन कुर्क की है।

### ईओडब्ल्यू के एफआईआर के बाद हुई कार्रवाई



जानकारी के मुताबिक, अचल संपत्तियां पालघर, दापोली, रायगढ़ और ठाणे में और उसके आसपास स्थित हैं। बता दें कि इसी मामले में संजय राउत और प्रवीण राऊत दोनों को प्रवर्तन निदेशालय ने गिरफ्तार किया था। मुंबई पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) द्वारा एफआईआर दर्ज किए जाने के बाद ये कार्रवाई हुई है। ईडी ने जानकारी दी कि इस रिडेवलपेंट के नाम पर कई गैर-कानूनी गतिविधियों को अंजाम दिया गया। सोसायटी, म्हाडा और जीएससीपीएल के बीच एक त्रिपक्षीय समझौते पर हस्ताक्षर किए गए थे। समझौते के अनुसार, 672 किरायेदारों को फ्लैट मुहैया कराना था।

### अपराध की आय का एक हिस्सा प्रवीण राउत को दिया गया

जीएसीपीएल के निदेशकों ने म्हाडा को गुमराह किया और 672 विस्थापित किरायेदारों के लिए पुनर्वास हिस्से और म्हाडा के लिए फ्लैटों का निर्माण किए बिना 901 .79 करोड़ रुपए की राशि एकत्र करते हुए। अपराध की आय का 95 करोड़ रुपए का एक हिस्सा जीएसीपीएल के निदेशक प्रवीण राउत ने अपने निजी बैंक खातों में भेज दिया। अपराध की आय का एक हिस्सा उन्होंने संबंधित व्यक्तियों के पास रखा था, जबकि प्रवीण राउत द्वारा अर्जित कुछ संपत्तियां बाद में उन्होंने अपने परिवार के सदस्यों को उपहार में दे दी थीं। इस मामले में मार्च 2022 में ईडी की ओर से एक आरोप पत्र भी दायर किया गया था।

---

## मंच पर बेहोश होकर गिरे केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी




**यवतमाल।** महाराष्ट्र के यवतमाल में केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी भाषण देते समय मंच पर अचानक गिर पड़े। मंच पर मौजूद लोग तत्काल उन्हें उठाकर इलाज के लिए ले गए। गडकरी यवतमाल के पुसद में एक चुनावी सभा को संबोधित करने के लिए पहुंचे हुए थे। वह मंच पर बोल ही रहे थे कि अचानक वह बेसुध होकर गिर पड़े जिसके बाद उनके आसपास मौजूद लोगों ने उन्हें संभाला और तत्काल इलाज के लिए ले गए। हालांकि कुछ देर बाद नितिन गडकरी ने एक्स पर पोस्ट कर बताया कि गर्मी के चलते उन्हें असहज महसूस हुआ था लेकिन अब वह पूरी तरह से स्वस्थ महसूस कर रहे हैं। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने पोस्ट कर नितिन गडकरी के जल्द स्वस्थ होने की कामना की है।

---

**एक्शन** | **करोड़ों रुपए का सोना, तस्करी का सामान और नकदी जब्त**

## DRI ने किया सोना तस्करी नेटवर्क का भंडाफोड़

मुनीब चौरसिया । मुंबई

देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में डायरेक्टोरेट ऑफ रेवेन्यू इंटेलिजेंस (DRI) ने सोने की तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। खबर के मुताबिक मुंबई के व्यस्त झावेरी बाजार से डीआरआई ने करोड़ों रुपए का सोना, तस्करी का सामान और नकदी जब्त की है। राजस्व खुफिया निदेशालय ने दक्षिणी मुंबई के झावेरी मार्केट में तस्करी के खिलाफ एक बड़ा अभियान शुरू किया है। डीआरआई के अधिकारी प्रवीण जिंदल ने कहा कि, जब्त किए गए तस्करी के सामानों में 9 ।67 किलोग्राम गोल्ड, 18 ।48 किलोग्राम चांदी, 1 करोड़ 92 लाख भारतीय रुपए और 1 लाख 90 हजार अमेरिकी डॉलर शामिल है।



### भारी मात्रा में सोना-चांदी, नकदी जब्त

डीआरआई ने नकदी समेत 10 करोड़ 48 लाख का सोना-चांदी जब्त किया है। डीआरआई के मुताबिक अफ्रीका से तस्करी कर सोना को मुंबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट लाया गया था। इंटेलिजेंस को खुफिया जानकारी मिली थी कि तस्करी कर लाए गए सोना से विदेशी निशान हटाने और उसे पिघलाने के लिए मुंबई के एक बाजार में लाया जा रहा है। डीआरआई के मुताबिक सोने को पिघलाकर स्थानीय मार्केट में भेजा जाता था।

### अफ्रीका से जुड़ा तस्करी नेटवर्क का तार

खुफिया सूत्रों को आधार बनाकर रेवेन्यू इंटेलिजेंस की मुंबई जोन इकाई के अधिकारियों ने 22 अप्रैल को तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए पूरे मामले का खुलासा कर दिया। अब डीआरआई के रडार पर तस्करी का सोना इकट्ठा करने और विदेशी सोना पिघलाने वाले लोग हैं। जानकारी के मुताबिक, सोना के तस्करी करने के लिए कुछ लोगों को शामिल किया गया था। ये सभी अफ्रीकी नागरिकों से संपर्क कर गोल्ड की तस्करी करते हैं। तस्करी के जरिए लाए गए गोल्ड को पिघलाकर उसे प्रोसेस किया जाता है। इसके बाद गोल्ड को स्थानीय खरीदार को सौंप दिया जाता है।

---

## बिहार से लॉरेंस गैंग के पांच गुर्गे गिरफ्तार

दोपहर संवाददाता । मुंबई



फिल्म अभिनेता सलमान खान के आवास पर हवाई फायरिंग मामले में मुंबई पुलिस ने बिहार से पांच युवकों को गिरफ्तार किया है। इन पांचों को बुधवार को पुलिस बिहार से मुंबई लाई है। यह सभी युवक गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई गैंग से जुड़े बताए जा रहे हैं। मुंबई पुलिस सूत्रों के अनुसार सलमान खान हाउस फायरिंग मामले की छानबीन में बिहार के युवकों के शामिल होने का इनपुट मिला था। इस पर मुंबई क्राइम ब्रांच की टीम ने मंगलवार की रात में बिहार के पश्चिमी चंपारण में गौनाहा थाना क्षेत्र के मसही गांव में छापेमारी करके आशीष और अंकित समेत पांच युवकों को गिरफ्तार किया है। इन पांचों युवकों को पूछताछ के लिए मुंबई लाया गया है। इस मामले में मुंबई पुलिस ने विक्की और सागर नामक आरोपितों को गुजरात से गिरफ्तार किया था। दोनों 25 अप्रैल तक पुलिस कस्टडी में हैं। इनसे पूछताछ में पता चला कि 14 अप्रैल को सुबह गैलेक्सी अपार्टमेंट के बाहर गोलियां चलाने के बाद विक्की और सागर ने मोबाइल फोन के जरिये अंकित और आशीष से बात की थी।

# यातायात पुलिस टैंकर पर कसेगी नकेल

## हादसों के बाद नींद से जागी वसई विरार की ट्रैफिक पुलिस

दोपहर संवाददाता | वसई

वसई विरार में टैंकर चालकों की लापरवाही और तेज रफ्तार के चलते हुए हादसे में 20 दिन में तीन लोगों की मौत हो चुकी है। इस हादसे के बाद विरार यातायात पुलिस ने एक बार फिर टैंकरों की लापरवाही पर लगाम कसने की मुहिम तेज कर दी है। विभाग ने पहले ही दिन 8 टैंकरों पर कार्रवाई की है।

### टैंकर चालकों की लापरवाही जारी

वसई विरार शहर में टैंकर चालक यातायात नियमों का उल्लंघन कर वाहन चलाते हैं। इसलिए आए दिन टैंकरों के दुर्घटना होने की घटनाएं सामने आ रही हैं। इससे पहले, यातायात पुलिस ने टैंकर चालकों और मालिकों के साथ बैठक की थी और दुर्घटनाओं को रोकने के लिए बार-बार चेतावनी जारी की थी, लेकिन कुछ दिनों तक ही नियमों का पालन किया गया। उसके बाद फिर से नियमों को ताक पर रखकर टैंकर चालकों की लापरवाही जारी है। फिलहाल इस समय गर्मी का मौसम है, इसलिए वसई विरार क्षेत्र में टैंकरों की मांग काफी बढ़ गई है। इसके चलते अनफिट और पुराने टैंकर भी सड़क पर दौड़ने लगे हैं।



### 20 दिन में 3 की मौत के बाद जागी पुलिस

2 अप्रैल को विरार के जकात नाका पर एक टैंकर ने दोपहिया वाहन पर यात्रा कर रहे एक जोड़े को कुचल दिया, जिससे महिला की मौके पर ही मौत हो गई थी। उसके बाद 19 अप्रैल को विरार के ग्लोबल सिटी में एक घटना घटी, जहां एक टैंकर से दादी और पोते दोनों की मौत हो गई। बीस दिनों के अंदर टैंकर दुर्घटना में तीन लोगों की मौत हो जाने के कारण इस स्थिति को रोकने के लिए यातायात पुलिस की ओर से टैंकर जांच अभियान शुरू किया गया है। जिन क्षेत्रों में टैंकरों द्वारा जलापूर्ति अधिक हो रही है, ऐसे स्थानों पर टैंकरों को रोककर उनका फिटनेस प्रमाण पत्र, लाइसेंसधारी ड्राइवर, बैच, क्लीनर, पानी लीकेज, रिफ्लेक्टर की जांच की जा रही है।

### कार्रवाई के नाम पर खानापूर्ति

सुरेंद्र सिंह शिवसेना (युबीटी), वसई विरार जिला क्षेत्र प्रमुख बगैर ने नवभारत को बताया, आरटीओ फिटनेस सर्टिफिकेट और जंग लगा टैंकर सड़कों पर दौड़ रहा हैं, लेकिन वसई विरार मनपा और आरटीओ अधिकारी उसके खिलाफ कोई एक्शन नहीं लेता। जब कोई दुर्घटना होगी तब विभाग दिखावे की कार्रवाई कर नागरिकों को बेवकूफ बनाती है। वर्तमान में टैंकर पर कार्रवाई अभियान के बहाने सिर्फ दोपहिया वाहन चालकों पर कार्रवाई की जा रही हैं।

### टैंकर जब्त करने का आश्वासन

दशरथ वाघुले (उप-क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी) ने नवभारत से कहा, टैंकर दुर्घटनाओं की बढ़ती घटनाओं को देखते हुए वसई उप-क्षेत्रीय परिवहन विभाग की ओर से भी एक कार्रवाई अभियान चलाया जा रहा है। इस संबंध में टैंकर चालकों व मालिकों की बैठक के साथ ही सड़क पर दौड़ रहे टैंकरों का निरीक्षण कर कार्रवाई की जाएगी। जो टैंकर पुराने हो गए हैं, उन्हें भी जब्त कर लिया जाएगा।

### दिये जा रहे हैं निर्देश

प्रशांत लांगी (यातायात पुलिस निरीक्षक-परिमंडल 3) ने नवभारत को बताया, टैंकर पर कार्रवाई अभियान तेज कर दिया गया है। प्रत्येक डिवीजन में कार्यरत ट्रैफिक पुलिस को इनकी जांच करने का निर्देश दिया गया है। जिसके अनुसार कार्रवाई हो रही है। विरार यातायात पुलिस ने पहले ही दिन 8 टैंकरों पर कार्रवाई की है। जनवरी से अब तक 105 टैंकरों पर कार्रवाई कर करीब 1 लाख 35 हजार का जुर्माना लगाया गया है। साथ ही बताया कि टैंकर चालकों और मालिकों की बैठक कर उन्हें भी निर्देश दिये जा रहे हैं।

# महा विकास आघाड़ी के लिए एकजुट हुए कांग्रेस कार्यकर्ता

दोपहर संवाददाता | भिवंडी



महाविकास अघाड़ी में उम्मीदवार को लेकर जहां भिवंडी लोकसभा क्षेत्र एक प्रमुख मुद्दा बन गया है, वहीं एनसीपी उम्मीदवार सुरेश बाल्या मामा म्हात्रे के नाम की घोषणा के बाद कई कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने अपनी नाराजगी व्यक्त की है। जबकि कांग्रेस के जिला अध्यक्ष और कांग्रेस के प्रबल दावेदार दयानंद चोरघे को अभी भी उम्मीद है कि भिवंडी लोकसभा कांग्रेस के पास जाएगी, भिवंडी ग्रामीण तालुका के कई कांग्रेस पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने महाविकास अघाड़ी को मजबूत करने के लिए एक साथ आने का फैसला किया है। इस बैठक में कांग्रेस ठाणे जिला ग्रामीण महासचिव पंकज गायकवाड ने कहा की कांग्रेस पार्टी के नेता राहुल गांधी देश में लोकतंत्र को जिंदा रखने के लिए काम कर रहे है इसलिए कांग्रेस पदाधिकारी कभी भी भारत अघाड़ी को कमजोर करने का काम नहीं करेंगे। जिला महासचिव पंकज गायकवाड ने जानकारी देते हुए बताया की वरिष्ठजनों द्वारा लिए गए निर्णय को स्वीकार करते हुए हम सभी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने महाविकास अघाड़ी के एनसीपी शरद चंद्र पवार पार्टी के उम्मीदवार सुरेश बाल्या मामा म्हात्रे के काम को निष्ठापूर्वक करने का निर्णय लिया है।

# 25 मकान मालिकों के खिलाफ कार्रवाई

दोपहर संवाददाता | वसई

वसई के तुलिंज पुलिस स्टेशन की सीमा क्षेत्र के 25 घर मालिकों के खिलाफ पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज किया गया और घर मालिकों को गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया गया। नियमों को तोड़ने पर गृह मालिकों के विरुद्ध न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल कर आरोपित गृह स्वामियों को कारावास व जुर्माना भुगतना होगा।इसलिए सभी नागरिकों को किरायेदार रखते समय अपनी सारी जानकारी पुलिस थाने में देनी चाहिए।




### प्रगतिनगर और मोरेगांव क्षेत्रों में बड़ी संख्या में रहते हैं विदेशी नागरिक

प्रगतिनगर और मोरेगांव क्षेत्रों में बड़ी संख्या में विदेशी नागरिक इन घरों को किराए पर ले रहे हैं।विदेशी अधिनियम, 1946 की धारा 7 के तहत, किसी भी विदेशी को किसी भी घर/होटल में और व्यावसायिक आधार पर रहने की अनुमति दी जाती है। लेकिन,मकान मालिक, होटल संचालक को 24 घंटे के अंदर सी फॉर्म भरकर स्थानीय पुलिस को सूचित करना अनिवार्य है कि विदेशी नागरिक उनके यहां रहने आया है। ऐसा नहीं करने पर उनके खिलाफ मामला दर्ज करने का प्रावधान है।

## न्यूज ब्रीफ

### हैदराबाद में हुए ट्रेन हादसे में भिवंडी के युवक की दर्दनाक मौत

भिवंडी। हैदराबाद में हुए एक ट्रेन हादसे में भिवंडी के 24 वर्षीय युवक अभय संजय प्रजापति की दर्दनाक मौत हो गई है। उक्त घटना की खबर फैलते ही पूरे क्षेत्र में शोक की लहर फैल गई। भिवंडी के कामतघर स्थित चंदन बाग के रहने वाले अभय प्रजापति



हैदराबाद के एक टेक्निकल कॉलेज में शिक्षा देने का काम करता था। वह अपने मां बाप का इकलौता बेटा था। 15 अप्रैल को वह अपना जन्मदिन मनाने घर आया था और घर से ट्रेन द्वारा वापस हैदराबाद जा रहा था। पारिवारिक सूत्रों ने बताया कि वह ट्रेन से उतर रहा था, इसी बीच वह चलती ट्रेन के नीचे आ गया और घटनास्थल पर ही उसकी दर्दनाक मौत हो गई। अभय की मौत की सूचना मिलने पर कॉलेज के मैनेजमेंट के लोग एम्बुलेंस द्वारा उसके घर चंदन बाग, कामतघर, भिवंडी ले आए, जहां पर बुधवार की दोपहर में चंदन बाग स्थित श्मशान भूमि में उसका अंतिम संस्कार कर दिया गया। इस अवसर पर क्षेत्र के गणमान्य लोगों के साथ बड़ी संख्या लोग श्रद्धांजलि देने के लिए इकठ्ठा हुए थे।

### अजित पवार के बेटे को Y+ सुरक्षा देने पर कांग्रेस ने कसा तंज

**मुंबई।** महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री अजित पवार के बड़े बेटे पार्थ पवार और बारामती लोकसभा सीट से राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (NCP) प्रत्याशी सुनेत्रा पवार को 'वाई-प्लस' श्रेणी की सुरक्षा मुहैया कराई गई है, इस पर अब राजनीति हो रही है। कांग्रेस ने इस पर सवाल उठाते हुए तंज कसा है। महाराष्ट्र में विपक्ष के नेता विजय वडेट्टीवार ने कहा है कि देश दुनिया में जो सबसे प्रसिद्ध व्यक्ति हैं वो पार्थ पवार हैं। वो देश में कहीं भी जाते हैं तो लाखों लोगों की भीड़ आती हैं, ऐसे नेता को Y+ सुरक्षा देना अपमान है। वडेट्टीवार ने कहा, पार्थ पवार को केंद्र सरकार की सुरक्षा देना चाहिए, वो विश्व के नेता होंगे। उनको ये सुरक्षा देना सरकार का काम है। बता दें कि अविभाजित शिवसेना के निवर्तमान सांसद श्रीरंग बारणे के खिलाफ 2019 में मावल लोकसभा सीट से पार्थ ने चुनाव लड़ा था लेकिन उन्हें सफलता नहीं मिली थी। पार्थ अपनी मां सुनेत्रा के लिए सक्रिय रूप से प्रचार कर रहे हैं। पुणे के पुलिस आयुक्त अमितेश कुमार ने जानकारी देते हुए बताया था कि वाई-प्लस सुरक्षा दायरा प्रदान करने का निर्णय राज्य सरकार द्वारा लिया गया है। राकांपा के एक स्थानीय पदाधिकारी ने कहा कि सुरक्षा चिंताओं के मद्देनजर पार्थ को यह 'वाई-प्लस' सुरक्षा प्रदान की गई है।

# शरद पवार ने रैली में सुनाया पीएम मोदी का पुराना भाषण

दोपहर संवाददाता | मुंबई/माढा

महाराष्ट्र में लोकसभा चुनाव 2024 की तैयारियां जोरों पर है। शरद पवार बुधवार को माढा में मौजूद हैं। माढा में शरद पवार ने मंच से लोगों को संबोधित किया। इस दौरान एनसीपी के संस्थापक ने पीएम मोदी पर बेरोजगारी, महंगाई और किसानों के मुद्दे पर निशाना साधा। शरद पवार ने मंच से पीएम मोदी पर निशाना साधते हुए कहा, ₹मोदी की वजह से देश के किसान संकट में है। सरकार ने सिर्फ आश्वासन दिया है। मोदी की वजह से आम लोगों का बड़ा नुकसान हुआ है। साल 2014 में मोदी ने कहा था पेट्रोल का दाम कम करेंगे, लेकिन आज पेट्रोल की कीमत 107 रुपए है, दाम नहीं कम किए। गैस के दाम भी बढ़ गए हैं। पीएम मोदी जहां भी जाते हैं, कांग्रेस पर निशाना साधते हैं। देश में बड़े पैमाने पर बेरोजगारी है।₹ इस दौरान शरद पवार ने पीएम मोदी का साल 2014 वाला भाषण भी सुनाया। शरद पवार ने आरोप लगाया कि पीएम मोदी ने एक भी आश्वासन पूरा नहीं किया है। पवार ने कहा, ₹देश की आम जनता को महंगाई से कोई राहत नहीं दिया। मैं उन्हें चैलेंज करता हूं कि 10 साल में उन्होंने क्या-क्या किया वो बताएं।



### केजरीवाल को लेकर भी बड़ा बयान

शरद पवार ने दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल को लेकर भी बड़ा बयान है। पवार ने कहा, ₹सीएम अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली में स्वास्थ्य और शिक्षा की सुविधा अच्छी की है। बीजेपी ने देश की राजधानी के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को जेल में डाल दिया है। पीएम मोदी ने प्याज निर्यात बंद कर दिया। यह देश सभी धर्मों के लोगों का है। आम लोगों के अधिकार पर संकट आने की आशंका है।

# आदित्य ठाकरे के बयान के बाद शिंदे गुट आक्रामक

**कल्याण।** मिली जानकारी के मुताबिक मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के खिलाफ आदित्य ठाकरे के बयान के बाद शिव सेना युवा सेना ने आदित्य ठाकरे के खिलाफ आक्रामक रुख अपना लिया है। डोंबिवली शहर शाखा के बाहर युवा सेना के पदाधिकारियों ने आदित्य ठाकरे के खिलाफ नारे लगाए। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने आदित्य ठाकरे की छवि को लेकर विरोध जताया। यह भी चेतावनी दी गई कि अगर आदित्य ठाकरे ने दोबारा गलत व्यवहार किया तो युवा सेना और शिव सेना उन्हें जवाब देने के लिए तैयार रहेगी। इससे पूर्व मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के बयान के बाद जलगांव में आदित्य ठाकरे का प्रतीकात्मक पुतला जलाया गया। इस घटना के बाद इलाके में कुछ देर के लिए तनाव फैल गया। इस घटना के बाद पुलिस प्रदर्शन स्थल पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया।



# खाड़ी के किनारे बनाए जा रहे देशी दारू की भट्टी पर पुलिस का छापा

## 10 प्लास्टिक ड्रमों में संग्रहीत दो हजार लीटर दारू पुलिस ने जलाकर किया नष्ट

दोपहर संवाददाता | भिवंडी

भिवंडी के ग्रामीण क्षेत्रों में खड़ी के किनारे अवैध तरीके से देशी दारू बनाने का कारोबार बड़े पैमाने पर शुरू है। नारपोली पुलिस ने खाड़ी के किनारे एक देशी दारू की भट्ठी पर छापामार कर 52 हजार रुपए से ज्यादा की दारू को जलाकर नष्ट कर दिया।साथ ही दारू निर्माण में लिप्त एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है।पुलिस के इस कार्रवाई से देशी दारू माफियाओं में हड़कंप मच गया है।





### एक आरोपी हुआ गिरफ्तार

पुलिस के मुताबिक नारपोली पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि स्थानीय अंजूर खाड़ी के पास देशी शराब बनाने की फैक्ट्री शुरू है।उक्त सूचना के बाद नारपोली पुलिस स्टेशन के सहायक पुलिस निरीक्षक विजय मोरे और उनकी टीम ने मौके वारदात पर पहुंचकर छापा मार कर 200 लीटर के क्षमता वाले 10 प्लास्टिक ड्रमों में संग्रहीत दो हजार लीटर नवसागर तथा वॉश और 200 लीटर तैयार शराब को जब्त किया है और मौके पर आग लगाकर इसे नष्ट्र कर दिया है। पुलिस अधिकारी ने बताया की इस कार्रवाई में कुल 52 हजार 500 रूपये कीमत के शराब व ड्रम जलाकर नष्ट्र किये गये हैं। इस मामले में देशी शराब की फैक्ट्री चलाने वाले वसंत कचेर थले नामक व्यक्ति को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू है।सूत्र बताते है कि ठाणे और भिवंडी के बीच स्थित खाड़ी के किनारे जंगलों के झरमुट में देसी दारु का अवैध कारोबार करने वाले दारु माफिया द्वारा अवैध दारु की भट्ठी लगा कर बड़े पैमाने पर देसी दारु तैयार की जाती है। खाड़ी के किनारे तैयार की जाने वाली देसी दारु मुंबई, ठाणे, कल्याण, भिवंडी सहित अन्य शहरों में चोरी से बड़े पैमाने पर सप्लाई की जाती है। जिसे पुलिस का पूर्णरूप से संरक्षण प्राप्त रहता है।

# मोदी देश की जनता से बोल रहे सफेद झूठः संजय राऊत

दोपहर संवाददाता | मुंबई/जलगांव

शिवसेना उद्धव गुट के वरिष्ठ नेता संजय राऊत ने कहा कि पीएम मोदी जनता को गुमराह करने की कोशिश कर रहे है। राऊत ने कहा कि आने वाला समय महाविकास अघाड़ी का होगा। उन्होंने कहा कि अब बीजेपी की हवा खत्म हो चुकी है और महाविकास अघाड़ी की आंधी शुरू हो चुकी है। वे जलगांव लोकसभा क्षेत्र से एमवीए के उम्मीदवार करण पंवार और रावेर से श्रीराम पाटिल के नामांकन के बाद कार्यकर्ताओं को संबोधित कर रहे थे।

### 'प्रदेश की सरकार से जनता का मोहभंग'

संजय राऊत ने कहा कि प्रदेश की सरकार से जनता का मोह भंग हो चुका है। आए दिन भ्रष्टाचार, चोरी-डकैती जैसे संगीन मामलों में महाराष्ट्र नंबर वन बन गया है। अब की बार जनता पूरी तरह भाजपा को नकार देगी। उन्होंने कहा कि पूरे प्रदेश में कानून व्यवस्था का दिवाला पिट चुका है। इस तपती गर्मी में प्रदेश की जनता को न बिजली मिल पा रही है और न समय से पानी मिल रहा है। पूरे प्रदेश में हाहाकार मचा हुआ है। उन्होंने कहा कि बीजेपी पूरे देश मे सिर्फ लूट व स्वार्थ सिद्ध करने में लगी है। महाराष्ट्र में बेरोजगारी में अब नंबर 1 बन चुका है। पढ़े -लिखे युवा रोजगार की तलाश में अन्य प्रदेशों का रुख कर चुके है। राज्य की जनता से इनका कोई लेना देना नहीं है। एक प्रश्न के जवाब में उन्होंने कहा कि इलेक्ट्रो बांड पर भाजपा ने देश की जनता को धोखा दिया है।



### 'गरीब, दलित, मजदूर और आदिवासी बिल्कुल भी सुरक्षित नहीं'

*संजय राऊत ने कहा कि भाजपा शासित प्रदेशों में गरीब, दलित, मजदूर और आदिवासी बिल्कुल भी सुरक्षित नही हैं। उन्होंने भाजपा पर हमला बोलते हुए कहा कि देश के लिए ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीतने वाले खिलाड़ियों व किसानों की दुर्गति देश भूला नही है। उन्होंने कहा कि नए संसद भवन के उद्घाटन के समय देश की राष्ट्रपति को न बुलाना बीजेपी की ओछी मानसिकता की और सीधा-सीधा इशारा है। संजय राऊत ने कहा कि आने वाला समय एमवीए का होगा। आगामी लोकसभी चुनावों में जनता बीजेपी से अपना हिसाब जरूर चुकता करेगी। उन्होंने कहा कि हाल ही में जलगाँव से बीजेपी सांसद उन्मेश पाटिल व लक्ष्मण पाटिल के शिवसेना (यूबीटी) में शामिल होने से पार्टी को यहां से काफी मजबूती मिली है।*

# बाजीराव खाडे को कांग्रेस ने छह साल के लिए किया सस्पेंड

दोपहर संवाददाता | मुंबई/कोल्हापुर

कांग्रेस ने पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय सचिव बाजीराव खाडे को छह साल के लिए पार्टी से निलंबित कर दिया है। उन्होंने कोल्पाहुपर लोकसभा सीट पर कांग्रेस से बगावत कर दी थी। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष नाना पटोले के निर्देश के बाद उपाध्यक्ष नाना गावंडे ने यह एक्शन लिया है। छत्रपति शाहू महाराज कोल्हापुर सीट पर महाविकास अघाड़ी की तरफ से कांग्रेस के टिकट पर मैदान में हैं। कोल्हापुर सीट पर शाहू महाराज और संजय मंडालिक के बीच सीधा मुकाबला माना जा रहा है। संजय, सीएम एकनाथ शिंदे की शिवसेना से इस सीट पर मौजूदा सासंद भी हैं। एबीपी माझा के मुताबिक, बाजीराव खाडे को प्रियंका गांधी का करीबी भी माना जाता है। बाजीराव खाडे ने नामांकन के आखिरी दिन पर्चा दाखिल कर दिया। जब नामांकन कर वो मीडिया के सामने आए तो वो भावुक हो गए।


### कौन हैं बाजीराव खाडे?

बाजीराव खाड़े कांग्रेस के पुराने नेताओं में से एक माने जाते हैं। वो संगरूल से जहां वो पिछले 28 सालों से कांग्रेस के लिए सक्रिय तौर पर काम करते रहे हैं। उन्हें पार्टी ने राज्य में कई जिम्मेदारियों से भी नवाजा था। उन्होंने लोकसभा चुनाव के लिए डेढ़ साल पहले से तैयारी शुरू कर दी थी। इतना ही नहीं, लोकसभा क्षेत्र का पिछले छह महीनों में उन्होंने कई बार दौरा भी किया था।

# महाराष्ट्र में आसमान से आग उगल रहा सूरज

दोपहर संवाददाता | मुंबई

भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने महाराष्ट्र के ठाणे, रायगढ़ जिले और मुंबई के कई हिस्सों में 27 से 29 अप्रैल तक लू का अलर्ट जारी किया है। आईएमडी की वैज्ञानिक सुषमा नायर ने बुधवार को बताया कि ठाणे, रायगढ़ और मुंबई के कई हिस्सों में एक गैर-चक्रवाती परिसंचरण बना हुआ है जिसके कारण तापमान में वृद्धि होगी।



### गर्मी से लोग परेशान

उन्होंने बताया कि 27 और 28 अप्रैल को तापमान काफी अधिक रहने का अनुमान है। मुंबई और पड़ोसी क्षेत्र के लिए इस माह जारी किया गया यह लू का दूसरा अलर्ट है।

### सिर को ढकने या गीले कपड़े का उपयोग करने की सलाह

आईएमडी ने लोगों को लंबे समय तक गर्मी में रहने से बचने, पर्याप्त पानी पीने और हाइड्रेटेड रहने, हल्के रंग के, ढीले और सूती कपड़े पहनने, दोपहर के समय बाहर जाते समय सिर को ढकने या गीले कपड़े या टोपी या छाता का उपयोग करने की सलाह दी है।

### मुंबई में अभी लू चलेगी : सुषमा नायर

आईएमडी मुंबई से सुषमा नायर ने कहा कि मुंबई में अभी लू चलेगी। पिछले हफ्ते, शहर रिकॉर्ड तोड़ गर्मी की चपेट में था, आईएमडी की सांताक्रूज़ वेधशाला ने अधिकतम तापमान लगभग 40 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया था। मंगलवार को 39 I7 डिग्री तापमान के साथ, मुंबई ने एक दशक से भी अधिक समय में अप्रैल का सबसे गर्म दिन दर्ज किया था। मुंबई, ठाणे और रायगढ़ में छिटपुट बादल छाए रहेंगे। साथ ही हल्की बूंदाबांदी की भी संभावना है, लेकिन इससे लोगों को राहत मिलने की उम्मीद नहीं है।

दो बजे दोपहर

मुंबई, नवी मुंबई, ठाणे, पालघर, रायगढ़, नासिक, पुणे से एक साथ प्रकाशित

पत्रकारिता पावर नहीं रिस्पांसिबिलिटी है

अनमोल विचार: जिंदगी एक फिल्म की तरह है, अपना अंत खुद लिखो : अल्फ्रेडो जेम्स अल पचिनो

न्यूज़ ब्रीफ

## AC लोकल के दस लाख यात्री बढ़े

**मुंबई।** पिछले तीन महीनों में 52 लाख से अधिक यात्रियों ने मध्य रेलवे की वातानुकूलित लोकल ट्रेनों में यात्रा की है। पिछले साल जनवरी से मार्च के बीच 42 लाख यात्रियों ने यात्रा की थी। इस तरह देखा जाए तो इस साल एसी लोकल के यात्रियों की संख्या में दस लाख का इजाफा हुआ है।

### पांच एसी लोकल ट्रेनों के 66 फेरे

वर्तमान में मध्य रेलवे पर पांच एसी लोकल ट्रेनों के 66 फेरे चलाए जाते हैं। ये ट्रेनें सीएसएमटी-ठाणे, कल्याण, डोंबिवली, अंबरनाथ, टिटवाल के बीच चलती हैं। फिलहाल इस लोकल से रोजाना 60 हजार से ज्यादा यात्री सफर करते हैं। भारतीय रेलवे ने 5 मई 2022 से एसी लोकल का किराया 50% कम कर दिया है। इसके बाद एसी लोकल में यात्रियों की संख्या तेजी से बढ़ने लगी। दिलचस्प बात यह है कि जनवरी से मार्च 2024 के दौरान 52 लाख सात हजार 476 यात्रियों ने एसी लोकल से यात्रा की है और 22 करोड़ 33 लाख का राजस्व प्राप्त हुआ है. पिछले वर्ष इसी अवधि में 42 लाख 18 हजार 389 यात्रियों ने एसी लोकल से यात्रा की थी और 18 करोड़ 49 लाख का राजस्व प्राप्त किया था. इसका मतलब है कि पिछले साल की तुलना में इस साल एसी लोकल यात्रियों में 10 लाख की बढ़ोतरी हुई है और राजस्व में भी बढ़ोतरी आंकड़ों से सामने आई है।

### राजस्व में बढ़ोतरी के आंकड़े

**जनवरी** - 3 लाख 59 हजार - 19 लाख - 8 करोड़ 37 लाख रुपए।

**अप्रैल** - 3 लाख 65 हजार - 18 लाख - 8 करोड़ 17 लाख रुपए.

**18 मार्च** - 2 लाख 35 हजार - 13 लाख - 5 करोड़ 77 लाख रुपए

## मुंबई-गोरखपुर के बीच 28 अतिरिक्त स्पेशल



**मुंबई।** गर्मी के मौसम के दौरान उत्तर भारत की तरफ जाने वाले यात्रियों के लिए अधिक ट्रेनों की मांग को देखते हुए मध्य रेल ने मुंबई और गोरखपुर के बीच 28 अतिरिक्त ग्रीष्मकालीन विशेष ट्रेन सेवाएं चलाने का निर्णय लिया है। 05325 विशेष 26 अप्रैल से 10 मई तक ( 27 अप्रैल को छोड़कर) प्रतिदिन रात 11.15 बजे गोरखपुर से प्रस्थान कर और तीसरे दिन 7.25 बजे एलटीटी मुंबई पहुंचेगी। 05326 विशेष 28 अप्रैल से 12 मई तक ( 29 अप्रैल को छोड़कर) प्रतिदिन 10.25 बजे एलटीटी मुंबई से प्रस्थान कर और अगले दिन शाम 6 बजे गोरखपुर पहुंचेगी। ट्रेन ठाणे, कल्याण, इगतपुरी, नासिक रोड, भुसावल, खंडवा, इटारसी, भोपाल, बीना, वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी, उरई, कानपुर सेंट्रल, लखनऊ, बाराबंकी, गोंडा, मनकापुर, बस्ती और खलीलाबाद रुकेगी।

## लोकसभा चुनाव 2024: महाराष्ट्र में गरजे अमित शाह और राहुल गांधी, की चुनावी रैलियां

# 'महालक्ष्मी योजना से करोड़ों लोगों को लखपति बना देंगे'

### राहुल गांधी ने किया जनता से वादा



कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने बुधवार को महाराष्ट्र के अमरावती जिले में एक रैली को संबोधित करते हुए कहा कि यदि वह सत्ता में आते हैं तो इंडी गठबंधन की सरकार करोड़ों लोगों को लखपति बनाएगी। राहुल गांधी ने वादा किया कि महालक्ष्मी योजना और उनकी पार्टी का प्रशिक्षुता के अधिकार का वादा, दोनों का उद्देश्य गरीब महिलाओं और युवाओं का उत्थान करना है। हम करोड़ों 'लखपति' बनाकर देश का चेहरा बदल देंगे।

#### लोकसभा चुनाव 2024 के लिए कांग्रेस का घोषणापत्र

महाराष्ट्र के अमरावती जिले में एक रैली को संबोधित करते हुए गांधी ने यह भी कहा कि दुनिया की कोई भी ताकत भारत के संविधान को नहीं बदल सकती। कांग्रेस विपक्षी इंडी गठबंधन का भी हिस्सा है। कांग्रेस ने लोकसभा चुनाव 2024 के लिए अपने घोषणापत्र में किए गए विभिन्न वादों में महालक्ष्मी योजना और प्रशिक्षुता के अधिकार को सूचीबद्ध किया है।

#### राहुल बोले- संविधान बदलना चाहती है भाजपा

राहुल गांधी ने दावा किया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 10 वर्षों के शासन में 22-25 लोग 'अरबपति' बन गए, जबकि इंडी गठबंधन अगर सत्ता में आया तो करोड़ों लोग 'लखपति' बन जाएंगे। उन्होंने आगे दावा किया कि भाजपा संविधान बदलना चाहती है क्योंकि वह नहीं चाहती थी कि 90 फीसदी आबादी, जिसमें पिछड़े, आदिवासी, दलित और अल्पसंख्यक शामिल हैं, अपनी वास्तविक क्षमता को जानें।

#### महालक्ष्मी योजना क्या है?

महालक्ष्मी योजना का लक्ष्य गरीब महिलाओं को हर साल 1 लाख रुपए और प्रशिक्षुता का अधिकार प्रदान करना है, जिसका उद्देश्य स्नातक और डिप्लोमा धारकों को प्रशिक्षु के रूप में एक साल की नौकरी पाने में सक्षम बनाना और उनके बैंक खातों में 1 लाख रुपए प्रदान करना है। राहुल गांधी ने दावा किया कि इस योजना से देश का चेहरा बदल जाएगा और करोड़ों को 'लखपति' बन जाएंगे।

# 'अमरावती में बटन दबाइए ऐसे कि करंट लगे इटली में...'

### अमित शाह का कांग्रेस पर हमला



केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने आज महाराष्ट्र के अमरावती में जनसभा की और कांग्रेस पार्टी पर जमकर हमला किया। अमित शाह ने कहा कि कांग्रेस पार्टी अफवाह फैला रही है कि अगर भाजपा को 400 सीटें मिल गईं तो आरक्षण चला जाएगा। लेकिन मैं आपको स्पष्ट बता देता हूं कि भाजपा न आरक्षण को जाने देगी और न ही हटाएगी, ये मोदी की गारंटी है। उन्होंने अमरावती उम्मीदवार नवनीत राणा के समर्थन में वोट मांगते हुए लोगों से अपील की है कि बटन अमरावती में ऐसे दबाइए करंट इटली में लगे। केंद्रीय मंत्री अमित शाह ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के उस बयान पर भी निशाना साधा, जिसमें उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र और राजस्थान वालों का कश्मीर से क्या लेना देना इसके जवाब में अमित शाह ने कहा कि खरगे साहब सुन लो, महाराष्ट्र का बच्चा-बच्चा कश्मीर के लिए जान दे देगा।

**सैम पित्रोदा के बयान ने एक्सपोज कर दिया :** अमित शाह ने इस दौरान कांग्रेस के घोषणा पत्र पर फिर हमला बोला। उन्होंने सैम पित्रौदा के बयान के हवाले से कहा कि कांग्रेस अब एक्सपोज हो गई है। उन्होंने कहा कि सैम पित्रौदा के बयान से साफ हो गया कि कांग्रेस का मकसद देश की जनता की संपत्ति का सर्वे कर उसे अल्पसंख्यकों और उसमें भी मुसलमानों को बांटने का है।

#### बहुमत का प्रयोग कहां कहां किया?

अमित शाह ने कहा कि हमने बहुमत का प्रयोग अनुच्छेद-370 हटाने के लिए किया है, तीन तलाक के खिलाफ कानून बनाने के लिए किया है और CAA लाने के लिए किया। इसी के साथ उन्होंने ये भी कहा कि सैम पित्रोदा के बयान के बाद कांग्रेस पार्टी पूरी तरह बेनकाब हो गई है। अमित शाह ने कहा कि कांग्रेस ने पहले अफवाह फैलाई कि जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद-370 हटा तो देश में खून की नदियां बह जाएंगी। लेकिन आज तक किसी की एक कंकड़ तक चलाने की हिम्मत नहीं हुई। उन्होंने कहा कि अब इसी तरह कांग्रेस वाले ये झूठ फैला रहे हैं कि बीजेपी 400 पार करेगी तो संविधान खत्म हो जाएगा।

# सीएम शिंदे ने उद्धव ठाकरे की चेतावनी को बताया 'कोरी धमकी'

दोपहर संवाददाता | मुंबई

महाराष्ट्र की सियासत में एक बार फिर आरोप प्रत्यारोप का दौर शुरू हो गया है। ठाणे जिले में मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने शिवसेना (यूबीटी) की 'शाखा' तोड़े जाने को लेकर पार्टी प्रमुख उद्धव ठाकरे की चेतावनी को 'कोरी धमकी' करार दिया। दरअसल, उद्धव ठाकरे ने शाखा तोड़े जाने को लेकर कहा था कि सत्ता में बैठे सभी लोगों की एक दिन सबक सिखाया जाएगा। उद्धव ने आरोप लगाया कि ठाणे में उनकी पार्टी का स्थानीय कार्यालय (शाखा) तोड़ा गया है। सत्ताधारी पार्टी को इसका खामियाजा भुगतना पड़ेगा।

#### 'उन्हें शाखा स्थल से वापस आना पड़ा'



एकनाथ शिंदे ने रविवार को एक दिवाली कार्यक्रम में हिस्सा लेने के बाद संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि शनिवार को जब उद्धव ठाकरे ने मुंब्रा में 'शाखा' स्थल का दौरा करने की कोशिश की, तो उन्हें वापस आना पड़ा। उद्धव, शिवसेना (यूबीटी) के शीर्ष नेताओं के साथ पार्टी की तोड़ी गई शाखा का दौरा करने के लिए मुंब्रा गए थे, लेकिन उन्हें मुख्यमंत्री के नेतृत्व वाली शिवसेना के कार्यकर्ताओं के विरोध का सामना करना पड़ा था।

#### कार्यकर्ताओं ने काले झंडे दिखाए

कार्यकर्ताओं ने नारे लगाए और उन्हें काले झंडे दिखाए। स्थिति तनावपूर्ण होने पर उद्धव और उनकी पार्टी के नेता वहां से चले गए। मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने आरोप लगाया कि उद्धव की यात्रा दिवाली उत्सव के दौरान बाधा उत्पन्न करने के प्रयास के अलावा और कुछ नहीं थी। उन्होंने कहा, 'उद्धव की यात्रा के दौरान मुंब्रा के लोगों ने अपनी ताकत दिखाई। जनता की ताकत के सामने किसी की नहीं चलती।'

**'शिवसैनिकों के पटाखे जलाने पर जाना पड़ा' :** सीएम शिंदे ने कहा, 'मुंब्रा में शिवसैनिकों के पटाखे जलाने पर उन्हें वहां से जाना पड़ा। शक्ति प्रदर्शन इतना तीव्र था कि शिवसेना यूबीटी नेताओं को पीछे हटना पड़ा।' उन्होंने दावा किया कि हाल के ग्राम पंचायत चुनावों में शिवसेना (यूबीटी) सातवें स्थान पर चली गई और अगले चुनावों में वह 10वें स्थान पर खिसक जाएगी, क्योंकि लोग उसे करारा जवाब देंगे।

# रहेजा कंस्ट्रक्शन साइट पर हादसा


## सेप्टिक टैंक में गिरे 3 लोग, एक की मौत

दोपहर संवाददाता | मुंबई

मुंबई के मलाड इलाके से बड़ी दुर्घटना की खबर सामने आयी है। रहेजा बिल्डर के कंस्ट्रक्शन साइट पर 40 फीट गहरे गड्ढे में गिरने की वजह से 2 लोगों की मौत हो गई है। जबकि गड्ढे में गिरे 3 में से बचे एक जख्मी की हालत गंभीर बनी हुई है। दमकल विभाग की टीम ने गड्ढे में गिरे तीन लोगों को रेस्क्यू किया था, जिसके बाद उन्हें पास के अस्पताल में भर्ती किया गया है। अस्पताल पहुंचने से पहले ही 2 की मौत हो गयी थी। मृतकों के नाम राजू (50) और जावेद शेख (35) बताई गई है, जबकि अकीब शेख (19) की हालत गंभीर बनी हुई है।

**राजू की दम घुटने से मौत :** बताया गया कि 35 वर्षीय जावेद और 50 वर्षीय राजू की दम घुटने से मौत हो गई है। जावेद के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। शांति नगर का रहवासी जावेद के दो छोटे छोटे बच्चे हैं। पत्नी रह रह कर बेहोश हो जा रही है। जावेद के परिवार ने रहेजा बिल्डर पर बड़ी लापरवाही का आरोप लगाया है। अकीब को जावेद ने बचाया लेकिन हेल्दी होने की वजह से जावेद को बाहर निकालने में बचाव कर्मियों को कड़ी जद्दोजहद करनी पड़ी, जब उसे बाहर निकाला गया तो सांस लेने में उसे बहुत ज्यादा दिक्कत आ रही थी और आखिरकार अस्पताल पहुंचने से पहले ही उसकी मौत हो गई।

#### साथी को बचने गए मजदूर भी फंस गए



मुंबई उपनगर के अंतर्गत आने वाले मलाड पूर्व स्थित शांति नगर के ठीक सामने रहेजा बिल्डर का कंस्ट्रक्शन कार्य चल रहा है। जहां यह हादसा हुआ। बताया गया है कि 25 मंजिले की निर्माणाधीन इमारत के अंदर लगभग 40 फीट गहरे ड्रेनेज में सफाई के दौरान एक कर्मचारी संतुलन बिगड़ने की वजह से गिर गया। जिसे बचाने के लिए, एक युवक गड्ढे में उतरा, लेकिन वह भी अंदर ही फंस गया। इसके बाद दूसरे युवक को बचाने के लिए जावेद नाम का शख्स दौड़ा लेकिन वह भी अंदर फंस गया। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर स्थानीय पुलिस के साथ-साथ दमकल विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर रेस्क्यू शुरू किया। राहत बचाव कार्य में जुटी रेस्क्यू की टीम ने किसी तरह तीनों को बाहर निकालने में सफलता हासिल कर ली, लेकिन गंभीर रूप से घायल तीनों व्यक्तियों में से जावेद शेख और राजू की मौत हो गई है। जावेद के परिजन घटना की खबर मिलते ही कंस्ट्रक्शन साइट पर पहुंचे। मौके पर बड़ी संख्या में पुलिस बल को तैनात किया गया है।

## बृहन्मुंबई महानगरपालिका

### वृक्ष प्राधिकरण
### - सार्वजनिक सूचना -

महाराष्ट्र (शहरी क्षेत्र) वृक्षों का संरक्षण एवं परिरक्षण अधिनियम 1975 (जनवरी 2019 संशोधित) की धारा 8 (3) (क) के अंतर्गत प्रावधान के अनुपालन में परिमंडल-1 के अंदर ए विभाग से 02 प्रस्ताव, सी विभाग से 06 प्रस्ताव, डी विभाग से 07 प्रस्ताव, ई विभाग से 04 प्रस्ताव यानी कुल 19 प्रस्ताव वृक्षों को हटाने के लिए महाराष्ट्र राज्य वृक्ष प्राधिकरण मनपा आयुक्त/अध्यक्ष, वृक्ष प्राधिकरण (बीएमसी)/ की मंजूरी के लिए प्राप्त हुआ है।

उपरोक्त प्रस्तावों के अंतर्गत पेड़ों की कटाई/पुर्नरोपित करने के बारे में विस्तृत जानकारी मनपा के www.mcgm.gov.in वेबसाइट पर बृहन्मुंबई महानगरपालिका के बारे में विभाग और वार्ड की नियमावली संबंधित सूचना पुस्तिका-गार्डन और वृक्ष प्राधिकरण-विज्ञापन 7दिन-276-7 दिन- जोन-1वेबसाइट पर उपलब्ध है।

उपरोक्त प्रस्ताव के संबंध में नागरिकों की कुछ आपत्तियां व सुझाव आने पर इस विज्ञापन के छपने से 7 दिन के अंदर लिखित स्वरूप में निर्धारित प्रारूप में उद्यान अधीक्षक व वृक्ष अधिकारी के कार्यालय में पेश किया जाए।

उसी तरह आप अपनी आपत्तियां/सुझाव निर्धारित प्रारूप में dysg.ta@mcgm.gov.in ईमेल आईडी पर जमा कर सकते हैं। निर्धारित समय पर पेश की गई आपत्तियों/सुझाव पर विचार किया जाएगा।

उक्त तिथि के बाद प्राप्त ईमेल या लिखित सुझाव/आपत्ति पर विचार नहीं किया जाएगा।

प्राप्त सुझाव और आपत्तियों के संबंध में सुनवाई 07/05/2024 के दिन उद्यान अधीक्षक व वृक्ष अधिकारी के कार्यालय में दोपहर को 4.30 से 5.00 बजे के दरम्यान किया जाएगा।

जो लोग इस सुनवाई में उपस्थित होना आवश्यक समझते हैं वे उपस्थित रह सकते है वे ई-मेल, सुझाव/आपत्तियों की एक प्रति के साथ।

**उद्यान अधीक्षक एवं वृक्ष प्राधिकरण अधिकारी,**
वृक्ष अधिकारी का कार्यालय,
पेंग्विन इमारत, 2री मंजिल
वीरमाता जीजाबाई भोसले उद्यान,भायखला (पूर्व), मुंबई-400027.
टेली नं -23742162
ईमेल- dysg.ta@mcgm.gov.in

**हस्ता./**
**उद्यान अधीक्षक**
**एवं वृक्ष अधिकारी**

**पीआरओ/39/विज्ञा./2024-25**

**समय पर उपचार, बचाएं प्राण।**

# घर मालिक कर सकते हैं किराएदारों को बेदखल !

## किराएदारों ने लगाई सरकार से गुहार, किराएदारों का पक्ष मजबूती से रखने की अपील

दोपहर संवाददाता | मुंबई

मुंबई सहित राज्य में पगड़ी सिस्टम पर रह रहे किराएदारों और घर मालिकों के बीच टकराव बढ़ सकता है। सुप्रीम कोर्ट में चल रहे मामले में फैसला घर मालिकों के पक्ष में जाने की संभावना जताते हुए किराएदारों ने राज्य सरकार से गुहार लगाई है। यदि घर मालिकों के पक्ष में फैसला गया तो वे किरायेदारों को घर से बेदखल कर देंगे। अनुरोध किया गया है इस मुकदमे में किराएदारों का पक्ष मजबूती से रखने के लिए राज्य सरकार पहल करे। किराएदार आंदोलन में सक्रिय रहे और सामाजिक कार्यकर्ता राघवेंद्र व्यंकटेश कौलगी ने इस मामले में किराएदारों का प्रतिनिधित्व करने के लिए उचित प्रबंध करने की मांग राज्य सरकार से की है। कौलगी के अनुसार वर्तमान लीव एंड लाइसेंस व्यवस्था पगड़ी सिस्टम से काफी अलग है। क्योंकि पगड़ी किरायेदारों के पास अनिवार्य रूप से स्वामित्व अधिकार हैं। उन दिनों सुप्रीम कोर्ट में किराएदारों का उचित प्रतिनिधित्व नहीं किया गया था। यदि किराएदारों का पक्ष कमजोर पड़ता है तो न केवल मुंबई बल्कि राज्य में अनर्थ का कारण बन सकता था। हर जगह मकान मालिक किरायेदारों को घरों से बेदखल कर देंगे।




#### राज्य के कई शहरों पर पड़ेगा असर

कौलगी के मुताबिक इसका असर मुंबई, ठाणे, पालघर, वसई, विरार, पुणे, पेठ, नासिक, कोल्हापुर, सांगली, सतारा जैसे शहरों पर पड़ेगा। राज्य सरकार को समय रहते उचित एहतियाती कदम उठाने चाहिए। सुप्रीम कोर्ट में किरायेदारों के प्रतिनिधित्व के लिए विशेष अनुमति लें। यह सुनिश्चित करें कि गरीब-मध्यम वर्ग के किराएदारों को किसी भी संकट का सामना न करना पड़े।

#### क्या है मामला?

महाराष्ट्र सहकारी सोसायटी अधिनियम 1962 से पहले मुंबई के निवासियों के पास संयुक्त रूप से जमीन का एक टुकड़ा रखने और उस पर अपना घर बनाने का विकल्प नहीं था। लोग मालिक को नकद राशि (पगड़ी) देकर घर खरीदते थे और किराया देकर घर में रहते थे। यदि किराएदार बाजार भाव से घर बेचता है तो उसे मालिक को उस राशि से 30 से 40 प्रतिशत हिस्सा देना पड़ता है। 1990 के बाद मुंबई में संपत्ति की कीमतें बढ़ने लगीं तब मकान मालिकों ने बेचैन होकर 1992 में सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया। मामले की सुनवाई के लिए 20 अक्टूबर 2023 को सुप्रीम कोर्ट की 9 जजों की बेंच का गठन किया गया था।

संपादकीय

# सेहत सुरक्षा-कवच

भारत जैसे देश में जहां सेवानिवृत्त लोगों व बुजुर्गों के लिये पश्चिमी देशों की तरह चिकित्सा सुविधाओं का कवच नहीं है, वहां लोगों की अंतिम उम्मीद खुद खरीदी गई बीमा पॉलिसियों पर टिक जाती है। लेकिन बीमा कंपनियों के निरंकुश व्यवहार और उपचार के बाद बिलों के भुगतान में किंतु-परंतु के चलते वृद्धों को यह भरोसा नहीं होता कि बीमा कंपनियां उनके उपचार का पूरा पैसा उपलब्ध करा देंगी। बहरहाल, स्वास्थ्य सेवा तंत्र को अधिक समावेशी और सर्वसुलभ बनाने की दिशा में भारतीय बीमा नियामक और विकास प्राधिकरण यानी आईआरडीएआई ने स्वास्थ्य बीमा खरीदने वाले व्यक्तियों के लिये 65 वर्ष की आयु सीमा को हटा दिया है। हाल ही में एक अधिसूचना में बीमा नियामक ने बीमाकर्ताओं को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है कि वे सभी आयु समूहों के लिये उपयोगी स्वास्थ्य बीमा पॉलिसी पेश करें। अकसर देखा गया है कि बीमा कंपनियां व एजेंट अधिक उम्र वाले लोगों को तब जीवन रक्षक पॉलिसी देने से मना कर देते हैं जब उनको इसकी जरूरत होती है। इतनी ही नहीं कंपनी के हित में बनायी गई पुरानी नीतियों के आधार पर कई दावों को खारिज कर दिया जाता है। बीमा नियामक द्वारा बीमा कंपनियों को पहले से निर्धारित स्थितियों के आधार पर दावों को खारिज करने से रोका गया है। बीमा नियामक ने कहा है कि बीमाकर्ता अब कैंसर, हृदय रोग व गुर्दे के काम न करने पर, एड्स जैसी गंभीर चिकित्सा स्थितियों वाले व्यक्तियों को पॉलिसी जारी करने से इनकार नहीं कर सकते। निश्चित रूप से यह तार्किक स्थिति है कि सेवानिवृत्ति के बाद आय के साधन सिमटने, शरीर द्वारा साथ न देने व अपनों का साथ छूटने से लाचार व्यक्ति को उपचार के लिये अब चिकित्सा बीमा कवच मिल सकेगा। निस्संदेह, इस तरह के कई गंभीर रोगों से ग्रस्त लोग चिकित्सा बीमा न मिल पाने की स्थिति में गरीबी की दलदल में फंस जाते हैं। कोरोना संकट के दौरान कई परिवारों के गरीबी के दुश्चक्र में फंसने के मामले सामने आए हैं। निश्चित रूप से बीमा नियामक की यह पहल वक्त की जरूरत के हिसाब से एक कल्याणकारी व्यवस्था की तरफ बढ़ा कदम है। यदि बुजुर्गों को बीमा सुविधा मिलने लगेगी तो वे अप्रत्याशित चिकित्सा खर्चों के झटकों को झेलने के लिये पहले से ही बेहतर तैयारी कर सकते हैं। निश्चित रूप से यह सुविधा उस देश के लिये बदलावकारी हो सकती है जहां कि युवा आबादी बुजुर्ग आबादी की दिशा में बढ़ रही है। संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष के अनुसार वर्ष 2050 तक वरिष्ठ नागरिकों की संख्या देश की कुल आबादी की बीस प्रतिशत से अधिक होने का अनुमान है। ऐसे में बेहतर जीवन प्रत्याशा हेतु और महिलाओं की सेहत हेतु स्वास्थ्य बीमा का खासा प्रभाव हो सकता है। लेकिन इस बात में दो राय नहीं कि बीमा उत्पादों को उपभोक्ता-अनुकूल बनाने की सख्त जरूरत है। दरअसल, आम उपभोक्ता शब्दजाल और बीमा पॉलिसियों की जटिलताओं के कारण बीमा उत्पादों को खरीदने से संकोच करते हैं। कई अस्पष्टताएं व किंतु-परंतु पॉलिसीधारक के मन में संदेह और अनिश्चितता उत्पन्न करते हैं। वहीं दूसरी तरफ लाभों व जोखिमों के बारे में गलत सूचना या अपर्याप्त जानकारी उपभोक्ताओं के शोषण व परेशानी का सबब बनती है। इसलिए जरूरी है कि ग्राहकों का विश्वास हासिल करने के लिये पारदर्शी व परेशानी मुक्त दावा निपटान की व्यवस्था हो। इसके साथ ही बीमा भुगतान से जुड़ी धांधलियों पर अंकुश लगाने के लिए मजबूत तंत्र बनाया जाए। वर्ष 2023 में किये गए एक सर्वेक्षण के अनुसार लगभग साठ फीसदी भारतीय बीमा कंपनियों में धोखाधड़ी के मामलों में तेजी से वृद्धि देखी गई है। खासकर जीवन और स्वास्थ्य बीमा के क्षेत्र में। जिसके नियमन के लिये- झूठे दावे करने, प्रदान की गई सेवाओं के लिये शुल्क बढ़ाने और चिकित्सकीय रूप से अनावश्यक सेवाओं के लिये बिलिंग करना जैसी अनियमितताओं पर अंकुश लगाने की जरूरत है। जिसके लिये एक कुशल निगरानी तंत्र बनाना भी आवश्यक है। वहीं झूठे दावे करना, प्रदान की गई सेवाओं के लिए शुल्क बढ़ाना और चिकित्सकीय रूप से अनावश्यक सेवाओं के लिए बिलिंग करना जैसी गड़बड़ियों पर अंकुश लगाने के लिए सख्त निगरानी की आवश्यकता है।

# मगर गरीबी है कि हटती ही नहीं गरीबी हटाओ का जुमला



राकेश गांधी

चुनाव आते ही गरीबों के चेहरे कुछ समय के लिए प्रसन्नता से खिल उठते हैं, क्योंकि अंततोगत्वा पांच साल बाद उन्हें याद जरूर कर लिया जाता है। चुनाव के तत्काल बाद ये गरीब राजनीतिक दलों के नेताओं के मानस पटल से हट भी जाते हैं। याद आना अच्छी बात है, पर हैरानी इस बात की भी है कि आजादी के साढ़े सात दशक बाद भी आखिर गरीबी मिट क्यों नहीं रही..? क्यों राजनीतिक दलों ने 'गरीबी हटाओ' नारे को अपना स्थाई जुमला बना रखा है?

गरीबी तो हटती नहीं, पर साल-दर-साल गरीबों का गरीबी में ही जरूर नामोनिशां मिट जाता है। चुनावी समर चल रहा है। अभी तो इन 'गरीबों' की भी पौ बारह है। नेता रोज ही इनकी पूजा-अर्चना व भरपेट खाना पहुंचाने में व्यस्त चल रहे हैं। चुनाव से निपटते ही इन गरीबों को फिर से इन्हीं के हाल छोड़ दिया जाएगा। कुल मिलाकर मुफ्तखोरी की आदत डालकर इन गरीबों को गरीब ही बनाए रखने और सालो-साल इन पर राज करने का सिलसिला बदस्तूर जारी है।

हाल ही में राजनीतिक दलों के घोषणा पत्र जारी हुए हैं। जोर-शोर से आगामी पांच साल में गरीबों के भूखे पेट का उपचार करने की बात की जा रही है। इससे ज्यादा तो कुछ होगा भी नहीं। जब साढ़े सात दशक में भी नहीं हो पाया तो अब क्या उम्मीद की जा सकती है। केवल गरीबी हटाने ही नहीं, हर बार लाखों नौकरियां देने के वादे भी किए जाते रहे हैं। ये बात अलग है कि पांच साल बाद भी हालात जस के तस ही रहते हैं और फिर शुरू हो जाता है जुमलों का दौर। इससे भी दुःखद तो ये है कि आजादी के बाद से लोगों को पानी, बिजली, सड़क, उच्च शिक्षा व बेहतर चिकित्सा जैसी बुनियादी सुविधाएं जुटाने के भी वादे किए जाते रहे हैं।

इसके उलट आजादी के 77 साल बाद भी देश में ऐसे कई शहर व गांव मिल जाएंगे, जहां डामर की सड़क तो छोड़ो, अभी कच्ची सड़क तक नसीब नहीं हुई है। घटिया सीवरेज व्यवस्था के कारण बरसात के दिनों में शहरों में लोग कई-कई दिनों तक पानी से घिरे घरों में कैद रहते हैं। पीने को पर्याप्त पानी नहीं मिलता। कई गांवों में यातायात के साधन तक नहीं पहुंच पाए हैं। देश की सिलिकॉन सिटी बेंगलुरु जैसे प्रमुख शहर के लोग जब पेयजल संकट के भयानक हालात से जूझ रहे हैं तो दूरदराज के गांवों की क्या बात करें। हां, पिछले कुछ सालों में सारे देश में हाई-वे जरूर बने हैं। लिंक रोड से लोगों का आवागमन सुगम हुआ है। पर इसमें भी गरीब तो अभी भी गरीब ही है। उसकी गरीबी का निवारण अभी तक भी नहीं हो पा रहा है। इसमें किसी एक राजनीतिक दल को दोष देने से कुछ होना भी नहीं है। देश में आमूलचूल परिवर्तन की जरूरत है। सालों-साल झूठे वादे करने वालों से बचने की जरूरत है। वैसे भी देश में किसी नागरिक को 'गरीब' कहना किसी गाली से कम नहीं है। गरीब का मतलब केवल निर्धन ही नहीं, बल्कि उन्हें जबरन दरिद्र, कंगाल, दीनहीन, बेचारा, लाचार जैसे शब्दों से नवाजना है। ऐसे में वे जरूरतमंद जरूर हो सकते हैं, पर 'गरीब' तो बिल्कुल नहीं।

हमें ये मान लेना चाहिए कि अब देश में जब तक आखिरी इंसान तक रोजगार, पर्याप्त पेयजल, बिजली, जरूरी चिकित्सा व शिक्षा के संसाधन नहीं पहुंच जाते, तब तक विकास की बात करना बेमानी होगी। हमें ये याद रखना चाहिए कि विख्यात सर्वोदयी व सामाजिक कार्यकर्ता तथा महात्मा गांधी के अनुयायी बाबा विनोबा जीवनपर्यन्त 'अन्त्योदय' की बात करते थे। 'अन्त्योदय' यानी अंत तक उदय। देश के आखिरी आदमी तक विकास की बात उनके इस ब्रह्मवाक्य में निहित थी।

अन्त्योदय आज देश की अहम जरूरत बन गया है। सरकार जब तक इस 'अन्त्योदय' को नहीं अपनाती, तब तक देश को विकसित राष्ट्र नहीं माना जा सकता। देश में अंतरिक्ष विज्ञान, सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट, कृषि एवं चिकित्सकीय अनुसंधान के साथ-साथ इस समय प्रत्येक इंसान को आर्थिक, शैक्षिक व शारीरिक रूप से सम्पन्न बनाने पर ध्यान देने की जरूरत है। 'भिखारी मुक्त' नारे के साथ ही सक्षम व सम्पन्न देश के नारे पर ध्यान देने की जरूरत है। तभी भविष्य के चुनावों में गरीबी हटाओ और रोजगार व बुनियादी सुविधाएं जुटाने के झूठे वादों से मुक्ति संभव होगी।

# उपकार बुद्धि होनी चाहिए



लालित्य सौंदर्य को कहते हैं। मनुष्य वही सौंदर्य होता है, वही सुंदरतम होता है जिसमें सेंस ऑफ़ ग्रेटिटूड होती है। जिस इंसान में सेंस ऑफ़ ग्रेटिटूड ज़रा भी न हो वो इंसान पशुवत है।

इतना सब होते हुए भी बार-बार इस तरह की बात बहुत से लोग मुझसे पूछते हैं कि हमारा क्या फ़ायदा हुआ? इस प्रश्न में निहित एक बहुत ही छोटी सी छुपी हुई बात है कि हमें जो कुछ मिला है उसके प्रति हमें कोई भी उपकार बुद्धि नहीं है। ज़रा सी भी उपकार बुद्धि नहीं है कि हम सोचते हैं कि हमने क्या सहज में ही पा लिया। उपकार बुद्धि जिसे सेंस ऑफ़ ग्रेटिटूड अंग्रेजी में कहते हैं जब तक आपके अंदर होगा नहीं सब बात उलटी बैठती जाएगी। आज का दिन बड़ा शुभ है,ललिता पंचमी है। ललित का मतलब है सुंदर, अति सुंदर। और ललिता गौरी जी का नाम है क्योंकि कल गणेशजी का जन्म हुआ है इसलिए आज गौरी जी का दिन मनाया जाता है। वैसे भी आप जानते हैं कि मेरा कुंडलिनि का नाम, मतलब कुंडली का नाम ललिता है। लालित्य सौंदर्य को कहते हैं। मनुष्य वही सौंदर्य होता है, वही सुंदरतम होता है जिसमें सेंस ऑफ़ ग्रेटिटूड होती है। जिस इंसान में सेंस ऑफ़ ग्रेटिटूड ज़रा भी न हो वो इंसान पशुवत है। पशु में भी होती है, कुत्ते में भी होती है। एक कुत्ता उसको आप थोड़े दिन पालिए-पोसिए देखिए आपको आश्चर्य होगा कि वो किस कदर वफादार होता है, वफादार होता है। जैसे ही सेंस ऑफ़ ग्रेटिटूड आपके अंदर जागृत होगा वैसे ही प्रेम के दर्शन अंदर से आने शुरू हो जाते हैं। बहुत से लोग कहते हैं हम तो मां आपको सरेंडरड (surrendered) हैं, मुझे हंसी आती है। मुझे क्या आप surrender होने जा रहे हैं। मैंने आपसे तो कुछ मांगा नहीं था। मैं तो देने भर के लिए बैठी हूं और ना मेरा कुछ वास्ता आपसे है। किंतु यह जो परमात्मा है ना, ये ज़रूर आपको देखता है कि आपमें कुछ उस उपकार की बुद्धि है या नहीं। जब नहीं है मैं कुछ भी आपका रिकमेन्डेशन करूं वो सुनते नहीं हैं। इसलिए बहुत से लोग जो अपने को सोचते हैं कि वो पार हैं, उनकी जागृति हो गई है, वो बड़े इवोल्व (evolve) हो गए हैं, अभी वहीं पर हैं। बिलकुल यूं ही, यूं ही चल रहे हैं। अपने अंदर उपकार की बुद्धि ज़रूरी लानी होगी। उसके बगैर सब चीज़ अग्ली हो जाती है, लालित्य उससे खत्म हो जाता है। लालित्य ऐसे इंसान में नहीं आ सकता। लालित्य उसी इंसान में होता है जिसमें सेंस ऑफ़ ग्रेटिटूड होता है, जिसमें उपकार बुद्धि होनी चाहिए। आदमी पता नहीं कैसी अजीब क्षय है, कैसी अजीब चीज़ है कि वो अपने से इस तरह से (कोम्प्रोमाईज़) कर लेता है कि वो अपने अंदर का जो लालित्य है, उसे भी नहीं पहचानता और अपने अंदर की जो अग्लिनेस्स है उसके साथ रहता है हर दम, समय। और वो सोचता है कि उसी के साथ रहने से वो बड़ा भारी आदमी, इंसान होते चला जा रहा है।

प्रस्तुति : धीरज सिंह

शख्सियत | हेमवती नंदन बहुगुणा

## राजनेता के साथ-साथ बहुत अच्छे समाजसेवी



पौड़ी गढ़वाल में जन्में हेमवती नंदन बहुगुणा जी एक राजनेता के साथ-साथ बहुत अच्छे समाजसेवी भी थे। उनका जन्म 25 अप्रैल 1919 को उत्तराखंड में हुआ था । उनका परिवार बाद में उत्तरप्रदेश के इलाहाबाद जिले में रहने लगा। उनकी मृत्यु 17 मार्च 1989, क्लीवलैंड, ओहियो, संयुक्त राज्य अमेरिका में हुई।


हेमवती जी की प्रारम्भिक शिक्षा गढ़वाल में हुई, आगे की शिक्षा डी.ए.वी. कॉलेज देहरादून और राजकीय विद्यालय इलाहाबाद में सम्पन्न हुई। उन्होंने इलाहाबाद वि.वि. से 1946 में बी.ए. की परीक्षा उत्तीर्ण की। हेमवती जी का प्रथम विवाह श्री नारायण दत्त चन्दोला की सुपुत्री धनेश्वरी देवी के साथ हुआ। दूसरा विवाह प्रसिद्ध साहित्कार राम प्रसाद त्रिपाठी की सुपुत्री कमला देवी के साथ मई, 1946 में सम्पन्न हुआ। धैर्य, दृढ़ता व ईमानदारी का मंत्र दिया था और आज के युवा भी इसे अपनाकर आगे बढ़ सकते हैं। कहा कि व्यक्ति जहां भी रहे उसे अपनी भाषा-बोली पर गर्व होना चाहिए। यह मानकर चलें कि हम न गढ़वाल के हैं, न कुमाऊं के। हम उत्तराखंडी हैं। अपनी विरासत को संजोएं और उससे प्रेरणा लें। हिमालय टूट सकता है, पर झुक नहीं सकता। मेरी सबसे बड़ी समस्या यही है कि मैं बात को, प्रश्नों को, समस्याओं को केवल जानता ही नहीं, बल्कि उसका उपचार भी मेरे पास है। इसीलिए पक्ष और विपक्ष अनवरत मुझ पर हमले करता रहा। कहते हैं दूसरे विवाह के बाद इन्होंने पहली पत्नी से दाम्पत्य सम्बन्ध लगभग तोड़ दिए थे। वह हमेशा उनके गाँव बुधाणी में रही। कमला बहुगुणा राजनीति पटु महिला थी। वह फुलपुर, उत्तर प्रदेश से जनता पार्टी के सदस्य के रूप में लोक सभा के लिए निर्वाचित हुईं थी। इनसे बहुगुणा जी के दो पुत्र और एक पुत्री हैं। पहला बेटा विजय बहुगुणा उत्तराखंड के मुख्यमंत्री रह चुके है। दूसरा बेटा शेखर बहुगुणा और बेटी रीता बहुगुणा भी राजनीति की दुनिया अपना कदम जमाये हुए है वे पहले कांग्रेस के साथ थी लेकिन वर्तमान में भाजपा के साथ है और उत्तर प्रदेश सरकार में मंत्री है। बहुगुणा जी का राजनीतिक जीवन 1942 से प्रारम्भ होता है, जब वे अध्ययन के दौरान जेल गए। इस बीच इन्होंने 'विद्यार्थी आन्दोलन' में खुलकर भाग लिया। बहुगुणा जी इलाहाबाद वि.वि. में 'स्टूडेन्ट यूनियन वर्किंग कमेटी' के सदस्य और फेडरेशन के सेक्रेट्री रहे। कई ट्रेड यूनियनें गठित कीं।

जीवन ऊर्जा

अल्फ्रेडो जेम्स अल पचिनो : जन्म- 25 अप्रैल 1940 | जन्म

## जिंदगी एक फिल्म की तरह है, अपना अंत खुद लिखो

अल्फ्रेडो जेम्स अल पचिनो, जिनका जन्म 25 अप्रैल 1940 को न्यूयॉर्क शहर में हुआ था, एक प्रसिद्ध अमेरिकी अभिनेता थे। द गॉडफादर,स्कारफेस, और सेन्ट ऑफ़ अ वुमन में अपनी प्रतिष्ठित भूमिकाओं के लिए जाने जाने वाले, उन्होंने सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का अकादमी पुरस्कार जीता। पचिनो का शानदार करियर पांच दशकों तक चला, जिसने एक सिनेमाई आइकन के रूप में उनकी स्थिति को मजबूत किया।



यमैं हमेशा सच बोलता हूं। तब भी जब मैं झूठ बोलता हूं। किसी भी पेशे में, फूहड़ता होती है। यह गलाकाट है, और, हां, आपको पैर की उंगलियों पर कदम रखना होगा। मैं यह नहीं कहूंगा कि यह कोई पेशा है। मैं कहूंगा कि यह उनमें से बहुत कुछ है। घमंड मेरा पसंदीदा पाप है। प्रसिद्ध होने के बारे में सबसे कठिन बात यह है कि लोग हमेशा आपके साथ अच्छा व्यवहार करते हैं। आप बातचीत कर रहे हैं और हर कोई आपकी बात से सहमत हो रहा है, भले ही आप कोई पागलपन भरी बात कहें। आपको ऐसे लोगों की ज़रूरत है जो आपको बता सकें कि आप क्या करते हैं मैं सुनना नहीं चाहता। आप उतने ही अच्छे हैं जितने मौके आप लेते हैं। मेरी कमजोरियां... काश मैं कुछ लेकर आपाता। अगर आप मुझसे पूछते कि मेरी ताकत क्या है तो शायद मुझे भी वही विराम मिलता। मैंने भगवान से एक बाइक मांगी, लेकिन मैं जानता हूं कि भगवान उस तरह से काम नहीं करते। इसलिए मैंने एक बाइक चुराई और माफी मांगी। प्रतिभा विकल्पों में है। जब आप कुछ ऐसा कर रहे हैं जो आपको पसंद है, तो आपको परवाह नहीं है कि बाधाएं क्या हैं। आप बस उसे करते हैं। आंखों को बेवकूफ बनाना आसान है लेकिन दिल को बेवकूफ बनाना कठिन है। अभिनेता एक भावनात्मक एथलीट बन जाता है। यह प्रक्रिया दर्दनाक है - मेरा निजी जीवन इससे प्रभावित होता है। यह किरदार मेरे करीब है, लेकिन यह मैं नहीं हूं। दर्शकों को रुलाना अल पचिनो का काम नहीं है। यह किरदार का काम है। सच्चाई यह है, आप जानते हैं, हम सभी मर रहे हैं। यही जीने की स्थिति को परिभाषित करता है। जिंदगी एक फिल्म की तरह है, अपना अंत खुद लिखो। विश्वास करते रहो, दिखावा करते रहो। जीवन से अधिक विडम्बनापूर्ण या विरोधाभासी कुछ भी नहीं है। अच्छा बनने के लिए, आपको उस पर विश्वास करना होगा जो आप कर रहे हैं। मुझे अंगरक्षकों की जरूरत नहीं है। मैं साउथ ब्रोंक्स से हूं।


सर्वसिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ बिजाना शाजापुर मध्य प्रदेश



## हनुमान के होने के सबूत

रामेश्वरम् गंधमादन पर्वत जो की कैलाश पर्वत के उत्तर में स्थित है, वहां आज भी 'हनुमान जी' निवास करते हैं। मान्यताओं अनुसार कैलाश पर्वत से उत्तर दिशा की ओर एक जगह है, जहां हनुमान जी आज भी निवास करते हैं।

### हनुमान के होने के सबूत –



- रामायण में बताया गया है कि जब लक्ष्मण मुर्छित पड़ें हुए थे तो वैद जी ने जिन जड़ी बूटियों का नाम बताया था वह हिमालय पर्वत पर ही मिलती थी। तब हनुमान जी हिमालय गये थे और वहां से पूरा पहाड़ ही उठाकर लाए थे। बाद में विज्ञान के समय श्रीलंका के अन्दर जो वह पहाड़ है उसकी जांच हुई तो वह और हिमालय के पहाड़ एक समान पाए गये थे। यह बात दर्शाती है कि हनुमान जी हिमालय से पहाड़ लेकर गये थे।
- श्रीलंका का एक आदिवासी कबीला है जिसका नाम मातंग कबीला है। हनुमान जी इस कबीले के लोगों से आज भी साक्षात् प्रकट होकर मुलाकात करते हैं। यह कबीला विभीषण के ही खून का कबीला है. इस बात की पुष्टि रीसर्च में भी हुई है।
- हनुमान के साक्षात् होने का एक सबूत यह भी है कि शास्त्रों में लिखा गया है कि कलयुग में हनुमान जी गंधमादन पर्वत पर निवास करेंगे। कई साधू-संतों से आप कुंभ में मिलिए और इस सच को जानिए, तो आपको हैरान करने वाली जानकारी मिलेगी।
- महाभारत में भी हनुमान जी का जिक्र आता है। एक तो भीम से हनुमान जी की मुलाकात जंगलों में होती है और दूसरा कि अर्जुन के रथ के ऊपर भी हनुमान जी विराजमान थे, यह कृष्ण खुद स्वीकार करते हैं।
- हनुमान का कलयुग में चमत्कार नैनीताल के कैंची धाम में देखा जा सकता है। खुद फेसबुक के प्रमुख मार्क जुकरबर्ग ने और एप्पल प्रमुख स्टीव जॉब ने इस हनुमान मंदिर का जिक्र किया है।
- जुग सहस्त्र जोजन पर भानू । लिल्यो ताहि मधुर फल जानू हनुमान चालीसा की यह पंक्तियाँ सूर्य और धरती के बीच की सही दूरी हजारों साल पहले बता देती हैं। नासा ने जो दूरी आज बताई है यह लगभग उतनी ही है, जितनी की हनुमान चालीसा की यह पंक्ति बताती है।
- आज एक बड़ा सच यह भी है कि हनुमान जी की जिस रूप में पूजा हम कर रहे हैं वह उस रूप में नहीं हैं। हनुमान का वानर रूप गलत बताया गया है। हनुमान किसी भी रूप में आ सकते हैं। और उनका कोई एक रूप नहीं है।
- अमेरिका की माया सभ्यता जो हजारों साल पुरानी है। यह सभ्यता जिसकी पूजा करती है। आप कभी इनके भगवान की तस्वीर देखते हैं तो आपको मालुम चलेगा कि वह हनुमान ही हैं।
- शिमला के अन्दर एक मंदिर है जिसका नाम जाखू मंदिर है। इस मंदिर में हनुमान जी के पैरों के निशान मौजूद हैं।
- हनुमान चालीसा की हर पंक्ति और शब्द में इतनी शक्ति है कि व्यक्ति इसका जापकर, कुछ भी प्राप्त कर सकता है। यहाँ तक की हनुमान चालीसा के पढ़ने के समय व्यक्ति का तेज कई लाखों गुना बढ़ जाता है, इस बात को विज्ञानं भी स्वीकार करने लगा है।



पंडित कैलाशचंद्र शर्मा
वैदिक सनातन संस्कृति के प्रचारक व सर्व सिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ के संस्थापक।
मो. नं. 9425980556

प्रेरक प्रसंग

## कितने कौवे

महाराज कृष्णदेव राय तेनालीराम का मखौल उडाने के लिए उल्टे-पुल्टे सवाल करते थे। तेनालीराम हर बार ऐसा उत्तर देते कि राजा की बोलती बन्द हो जाती। एक दिन राजा ने तेनालीराम से पूछा "तेनालीराम! क्या तुम बता सकते हो कि हमारी राजधानी में कुल कितने कौवे निवास करते है?" हां बता सकता हूं महाराज! तेनालीराम तपाक से बोले। महाराज बोले बिल्कुल सही गिनती बताना।

जी हां महाराज, बिल्कुल सही बताऊंगा। तेनालीराम ने जवाब दिया। दरबारियों ने अंदाज लगा लिया कि आज तेनालीराम जरुर फंसेगा। भला परिंदो की गिनती संभव हैं? "तुम्हें दो दिन का समय देते हैं। तीसरे दिन तुम्हें बताना हैं कि हमारी राजधानी में कितने कौवे हैं।" महाराज ने आदेश की भाषा में कहा।

तीसरे दिन फिर दरबार जुडा। तेनालीराम अपने स्थान से उठकर बोला "महाराज, महाराज हमारी राजधानी में कुल एक लाख पचास हजार नौ सौ निन्यानवे कौवे हैं। महाराज कोई शक हो तो गिनती करा लो।

राजा ने कहा गिनती होने पर संख्या ज्यादा-कम निकली तो? महाराज ऐसा, नहीम् होगा, बडे विश्वास से तेनालीराम ने कहा अगर गिनती गलत निकली तो इसका भी कारण होगा। राजा ने पूछा "क्या कारण हो सकता हैं?"

तेनालीराम ने जवाब दिया "यदि! राजधानी में कौवों की संख्या बढती हैं तो इसका मतलब हैं कि हमारी राजधानी में कौवों के कुछ रिश्तेदार और इष्ट मित्र उनसे मिलने आए हुए हैं। संख्या घट गई हैं तो इसका मतलब हैं कि हमारे कुछ कौवे राजधानी से बाहर अपने रिश्तेदारों से मिलने गए हैं। वरना कौवों की संख्या एक लाख पचास हजार नौ सौ निन्यानवे ही होगी तेनालीराम से जलने वाले दरबारी अंदर ही अंदर कुढ कर रह गए कि हमेशा की तरह यह चालबाज फिर अपनी चालाकी से पतली गली से बच निकला।

यह अखबार "माध्यम कार्पोरेट सर्विसेज लि. " के लिए प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक अरुणलाल द्वारा ग्राउंड फ्लोर, ऑफिस नं. 2, के. के. चैम्बर्स, पुरुषोत्तमदास ठाकरदास रोड, फोर्ट, मुंबई- 400001 से प्रकाशित एवं सोमानी प्रिंटिग प्रेस, गाला नं. 4, एन.के.इंडस्ट्रियल इस्टेट, इनसाइड प्रवासी इंडिस्ट्रयल इस्टेट गेट नं. 2, गोरेगांव पू., मुंबई-63 से मुद्रित। फोन नं. 022-66555719 ईमेल : indiagroundreport@gmail.com कार्यकारी संपादक : राजा आदाटे (पी.आर.बी. अधिनियम के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार)।




**कन्नौज लोकसभा सीट** | कन्नौज लोकसभा सीट सूबे की हाई प्रोफाइल सीटों में से एक

# कन्नौज में अखिलेश यादव और सुब्रत पाठक की होगी टक्कर

उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ से करीब 150 किलोमीटर की दूरी पर स्थित कन्नौज लोकसभा सीट सूबे की हाई प्रोफाइल सीटों में से एक है। मशहूर समाजवादी नेता राम मनोहर लोहिया से लेकर सपा संस्थापक मुलायम सिंह यादव तक ने संसद में इस लोकसभा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व किया है। इस सीट पर अब तक भाजपा दो बार जीती है, जबकि बसपा को यहां जीत नसीब नहीं हुई है। इस बीच कन्नौज लोकसभा सीट काफी सुर्खियों में है, इसकी वजह खुद सपा चीफ अखिलेश यादव हैं। दरअसल, समाजवादी पार्टी का गढ़ रही कन्नौज सीट से सपा प्रमुख अखिलेश यादव ही चुनाव लड़ेंगे। गुरुवार को अखिलेश कन्नौज सीट से अपना नामांकन दाखिल करेंगे। सपा महासचिव रामगोपाल यादव ने भी इसकी पुष्टि कर दी है। उन्होंने कहा कि इसे लेकर कोई कन्फ्यूजन नहीं है।

### कन्नौज का सियासी इतिहास

कन्नौज लोकसभा सीट साल 1967 आम चुनाव में अस्तित्व में आई। इस चुनाव में राम मनोहर लोहिया ने जीत हासिल की। लोहिया संयुक्त सोशलिस्ट पार्टी के उम्मीदवार थे। लेकिन साल 1971 आम चुनाव में कांग्रेस ने ये सीट छीन ली। कांग्रेस के उम्मीदवार सत्य नारायण मिश्र ने जीत हासिल की। इसके बाद दो चुनाव में जनता पार्टी को जीत मिली। साल 1977 में बीजेपी के राम प्रकाश त्रिपाठी और साल 1980 में बीजेपी के ही छोटे सिंह यादव ने जीत हासिल की।

### शीला दीक्षित भी रही हैं कन्नौज से सांसद

साल 1984 आम चुनाव में कांग्रेस की लहर में शीला दीक्षित सांसद चुनी गईं। मगर साल 1989 आम चुनाव में जनता दल के उम्मीदवार छोटे सिंह यादव ने जीत हासिल की। साल 1991 चुनाव में भी छोटे सिंह यादव ही सांसद बने। लेकिन इस बार वो जनता पार्टी के टिकट पर चुनाव मैदान में उतरे थे।

### 1996 में पहली बार भाजपा को मिली कन्नौज से जीत





### साल 2000 में अखिलेश चुने गए कन्नौज से सांसद

साल 2000 में इस सीट पर उपचुनाव हुआ। इसमें अखिलेश यादव ने भारी मतों से जीत दर्ज की। उन्होंने बसपा उम्मीदवार अकबर अहमद डम्पी को हराया था। साल 2004 आम चुनाव में अखिलेश यादव एक बार फिर कन्नौज सीट से मैदान में उतरे और उन्होंने बसपा उम्मीदवार ठाकुर राजेश सिंह को हराया। साल 2009 आम चुनाव में अखिलेश यादव ने फिर से जीत दर्ज की।

साल 1996 आम चुनाव में पहली बार कन्नौज लोकसभा सीट पर भाजपा को जीत मिली। भाजपा के उम्मीदवार चंद्र भूषण सिंह ने जीत हासिल की। लेकिन साल 1998 चुनाव में इस सीट पर समाजवादी पार्टी का खाता खुला। समाजवादी पार्टी के उम्मीदवार प्रदीप यादव को जीत मिली। साल 1999 चुनाव में मुलायम सिंह यादव इस सीट से सांसद चुने गए। लेकिन उन्होंने ये सीट छोड़ दी।


### 2012 में डिंपल कन्नौज से चुनी गई थीं निर्विरोध सांसद

साल 2012 में विधानसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी की जीत के बाद अखिलेश यादव ने इस सीट को छोड़ दिया। इसी साल इस सीट पर उपचुनाव हुए, जिसमें डिंपल यादव निर्विरोध सांसद चुनी गईं। साल 2014 आम चुनाव में मोदी लहर में भी समाजवादी पार्टी की उम्मीदवार डिंपल यादव ने इस सीट को जीत लिया। हालांकि जीत का अंतर काफी कम था।

### 2019 में भाजपा ने फिर किस कन्नौज पर कब्जा

मालूम हो कि साल 2019 आम चुनाव में समाजवादी पार्टी और बसपा का गठबंधन था। मगर इसके बावजूद भाजपा ने डिंपल यादव को हरा दिया। तब भाजपा के सुब्रत पाठक को 5 लाख 63 हजार 87 वोट, जबकि डिंपल यादव को 5 लाख 50 हजार 734 वोट मिले थे। इस तरह से भाजपा ने सालों बाद इस सीट पर जीत हासिल की थी।




### कन्नौज का जातीय समीकरण

कन्नौज लोकसभा क्षेत्र में कुल वोटर्स की संख्या करीब 18 लाख हैं। इनमें 10 लाख पुरुष और 8 लाख महिला मतदाता हैं। इस लोकसभा सीट पर सबसे ज्यादा मुस्लिम और यादव मतदाता हैं। मुस्लिम वोटर्स की संख्या 2.50 लाख है, जबकि यादव वोटर्स की संख्या भी इतनी ही है। इसके अलावा 2.5 लाख दलित वोटर भी हैं। जबकि इस क्षेत्र में ब्राह्मण मतदाता 15% और राजपूत मतदाता 10% हैं।

---

उम्मीदवार को जानें

## महबूबा मुफ्ती

**राजौरी-अनंतनाग सीट से उम्मीदवार**

देश में इस समय लोकसभा के चुनाव हो रहे हैं। चुनाव सात चरणों में हो रहे हैं जो 19 अप्रैल से शुरू होकर 1 जून को समाप्त होंगे। लोकसभा के पहले चरण के लिए मतदान संपन्न हो चुका है जबकि 26 अप्रैल को दूसरे दौर का मतदान होना है। इस बीच, कई सीटों पर मुकाबले तय हो गए हैं। इस चुनाव में कई ऐसी भी सीटें हैं जहां सभी की नजरें होंगी। जम्मू-कश्मीर की राजौरी-अनंतनाग सीट पर पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती चुनाव मैदान में हैं। महबूबा मुफ्ती पीडीपी के टिकट पर चुनाव लड़ रही हैं। पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती ने राजौरी-अनंतनाग सीट से अपना नामांकन भी कर दिया है। आइये जानते हैं कि उन्होंने अपने चुनावी हलफनामे में क्या जानकारी दी है?

### संपत्ति बढ़ी या घटी?

पीडीपी प्रमुख ने अपने शपथ पत्र में कुल 75.69 लाख रुपये की संपत्ति बताई है। 2019 में महबूबा ने 89.03 लाख रुपये की संपत्ति बताई थी। 2014 में उनके पास कुल 52 लाख रुपये की संपत्ति थी। इस तरह से बीते पांच वर्षों में उनकी संपत्ति में करीब 13.34 लाख रुपये की कमी आई है।

### पूर्व मुख्यमंत्री की सालाना कमाई

कमाई की बात करें तो 2018-19 में पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती की कुल कमाई 8.63 लाख रुपये थी। अगले वित्त वर्ष में उनकी कमाई में नुकसान हुआ। 2019-20 में ये घटकर 84.75 हजार रुपये रह गई। 2020-21 में महबूबा मुफ्ती की कमाई में जबरदस्त इजाफा हुआ और ये 19.98 लाख रुपये हो गई। वहीं, 2021-22 में कमाई में कमी आई और ये घटकर 12.44 लाख रुपये रह गई। 2022-23 में इसमें फिर कमी और ये 9.85 लाख रुपये रह गई।

### नकदी और बैंक खातों की राशि



अपने शपथ पत्र में पीडीपी नेता ने बताया है कि इस समय उनके पास 45 हजार रुपये नकद हैं। महबूबा मुफ्ती ने तीन बैंक खातों में 23.74 लाख रुपये जमा किए हैं। महबूबा मुफ्ती ने बताया है कि उन्होंने 11.94 लाख रुपये बीमा के रूप में जमा किए हैं। महबूबा मुफ्ती ने अपने शपथ पत्र में बताया है उनके नाम SNK ISUZU बस है। वाहन की कीमत पांच लाख रुपये बताई गई है। हलफनामे के मुताबिक, महबूबा मुफ्ती के पास कोई गहना या कीमती वस्तु नहीं है। इस तरह से पूर्व मुख्यमंत्री के पास कुल 40.69 लाख रुपये की चल संपत्ति है।

### अचल संपत्ति

महबूबा मुफ्ती के नाम अनन्तनाग जिले के बिजबेहरा में एक रिहायशी मकान है। 2000 वर्गफीट में बने इस मकान का मौजूदा बाजार मूल्य 35 लाख रुपये बताया गया है। इस तरह से पीडीपी नेता महबूबा मुफ्ती ने अपने शपथ पत्र में कुल 35 लाख रुपये की अचल संपत्ति बताई है। चल और अचल दोनों संपत्तियों को जोड़ें तो पूर्व मुख्यमंत्री के पास कुल 75.69 लाख की संपत्ति है।

### कमाई का जरिया क्या है?

महबूबा मुफ्ती ने वेतन/पेंशन से होने वाली आमदनी को अपनी कमाई का जरिया बताया है। पीडीपी नेता ने कश्मीर विश्वविद्यालय से 1982 में एलएलबी की डिग्री प्राप्त की है।

---

**रोचक किस्सा** | साल 2020 में दिल्ली विधानसभा चुनाव में 111 वर्षीय बचन सिंह ने किया था मतदान

## महज 1 वोटर के लिए 482 किमी दूर गई थी पोलिंग टीम

एक मतदाता के लिए पोलिंग टीम को 300 मील जाना पड़ा था, तब जाकर एक महिला मतदाता मताधिकार का प्रयोग कर सकी। कुछ ऐसी ही सच्ची कहानियों के जरिये लोकसभा चुनाव में मतदान के महत्व को लेकर युवाओं और लोगों को इलेक्शन कमीशन ऑफ इंडिया की ओर से जागरूक किया जा रहा है। मतदान में भागीदारी को बढ़ाने के लिए इलेक्शन कमीशन ऑफ इंडिया ने अपने सोशल मीडिया हैंडल को एक्टिव कर दिया है, जिसमें सच्ची स्टोरी के साथ फिल्मों के डायलॉग और 100 साल से ऊपर के बुजुर्ग मतदाता कैसे मतदान के प्रति उत्साहित रहते हैं, को एक्स पेज पर शेयर किया जा रहा है। बताया गया कि साल 2020 में दिल्ली विधानसभा चुनाव में 111 वर्षीय बचन सिंह (सबसे उम्रदराज बुजुर्ग) ने मतदान किया था।

### अकेली महिला मतदाता की चर्चित स्टोरी

चुनाव आयोग के एक्स हैंडल पर पोस्ट स्टोरी में बताया गया है कि वर्ष 2019 के आम चुनाव के दौरान गैमर बाम और उनकी टीम ने उत्तर-पूर्व भारत के सुदूर गांव मालोगम में एक मतदान केंद्र स्थापित करने का प्रयास शुरू किया। इसके लिए सुरक्षा कर्मियों के साथ पोलिंग टीम को 300 मील यानी करीब 482.8 किमी का सफर पूरा करना पड़ा। लॉजिस्टिक चुनौतियों का सामना करने के बावजूद मतदान को सुविधाजनक बनाने के लिए टीम अपने मिशन के लिए प्रतिबद्ध रही, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि अकेली महिला मतदाता सोकेला तायांग अपना वोट डाल सकें। सोशल मीडिया पर यह स्टोरी काफी चर्चित है और लोग इससे प्रभावित हो रहे हैं।



### एक वोट की कीमत तुम क्या जानो

वर्ष 2004 के कर्नाटक विधानसभा चुनाव में एक उम्मीदवार ने अपने प्रतिद्वंद्वी को मात्र एक वोट से हरा दिया। ऐसा ही राजस्थान में 2008 के विधानसभा चुनाव के दौरान देखने को मिला। यहां भी दो उम्मीदवारों के बीच जीत का फासला महज एक वोट का रहा। इसमें जिला स्तर पर भागीदारी बढ़ाने के प्रयास को भी शेयर किया जा रहा है, जिसमें देहरादून प्रशासन का डायलॉग चर्चित हो रहा है-' तुम्हारे पास क्या है, मेरे पास वोट करने का अधिकार है, खूब पसंद किया जा रहा है।'

### 28 लाख मतदाता का हट गया था नाम

इलेक्शन कमीशन ऑफ इंडिया की ओर से भारतीय चुनावों से जुड़े कई रोचक किस्से भी शेयर किए जा रहे हैं। एक किस्से में बताया गया है कि पहले आम चुनाव के दौरान जब चुनाव आयोग के प्रतिनिधियों ने चुनावी डेटा इकट्ठा करने के लिए गांवों का दौरा किया तो बड़ी संख्या में महिलाओं ने अजनबियों के साथ अपना नाम साझा करने से इनकार कर दिया। इसके बजाय पूछे जाने पर अधिकतर गलत नाम की जानकारी दी गयी। नतीजा यह हुआ कि प्रथम चुनाव के दौरान मतदाता सूची से 28 लाख नाम

---

## पंजाब : खडूर साहिब से लोकसभा चुनाव लड़ेगा अमृतपाल सिंह

एनएसए के आरोपों में डिब्रूगढ़ जेल में बंद अमृतपाल सिंह खडूर साहिब से एक स्वतंत्र उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़ेगा। यह जानकारी उसके वकील राजदेव सिंह खालसा ने दी। खालसा पूर्व सांसद हैं। फरवरी 2023 में



अमृतपाल और उसके साथियों ने पंजाब के अजनाला में हथियारों से लैस होकर थाने पर हमला कर दिया था।
अमृतपाल के समर्थकों ने अपहरण और दंगों के आरोपियों में से एक तूफान की रिहाई को लेकर पुलिस स्टेशन पर यह धावा बोला था। इस दौरान छह पुलिसकर्मी घायल हो गए थे। अमृतपाल के खिलाफ उसके ही एक पूर्व सहयोगी ने शिकायत दर्ज कराई थी। आरोप था कि इन सभी ने कथित तौर पर बरिंदर सिंह नाम के व्यक्ति को अजनाला से अगवा कर लिया और फिर मारपीट की।

---

चुनावी खबर

## उत्तर प्रदेश : बीजेपी सांसद के खिलाफ पत्नी ने ही ठोकी ताल



इटावा लोकसभा सीट की गिनती वीआईपी सीटों में होती है। लंबे अर्से तक सपा का गढ़ कही जाने वाली इस सीट पर 2014 की मोदी लहर में बीजेपी ने कब्जा किया था। जो कि अभी तक बरकरार है। इस सीट पर बीजेपी ने वर्तमान सांसद रामशंकर कठेरिया को ही टिकट दिया है। मुकाबला पहले ही दिलचस्प था, मगर अब इसमें एक और ट्विस्ट आ गया है। दरअसल, बीजेपी प्रत्याशी रामशंकर कठेरिया की पत्नी मृदुला कठेरिया चुनाव मैदान में आ गई हैं। उन्होंने पति के खिलाफ चुनाव लड़ने का ऐलान करने के साथ ही नामांकन भी कर दिया है। वो निर्दलीय चुनाव लड़ेंगी।

## झारखंड : 366 मतदान केंद्रों पर फोन व इंटरनेट की सुविधा नहीं



आज के जमाने में भी झारखंड के 366 मतदान केंद्र ऐसे हैं, जहां फोन या इंटरनेट की सुविधा बहाल नहीं हो पाई है। मतदान केंद्रों पर सभी आवश्यक सुविधाएं बहाल करने के चुनाव आयोग के अथक प्रयास के बाद भी यह स्थिति है। अब इन केंद्रों पर संचार व्यवस्था दुरुस्त करने के लिए बाइक सवार हरकारों (संदेशवाहक) की सेवा ली जाएगी। ये सभी मतदान केंद्र 18 जिलों के 322 इलाकों में हैं। छह जिले धनबाद, गिरिडीह, रामगढ़, गोड्डा, देवघर और जामताड़ा में ही ऐसा कोई केंद्र नहीं है। इन बिना संचार नेटवर्क वाले इलाकों में अन्य माध्यमों से संचार प्रबंधन किया जाएगा। बाइक सवार संदेशवाहक सेटेलाइट फोन के साथ संबंधित इलाकों के मतदान केंद्रों पर घूमते रहेंगे और निर्वाचन अधिकारियों की प्रशासन तथा चुनाव आयोग के अधिकारियों से बात करवाएंगे।

# कन्नौज से अखिलेश ही लड़ेंगे, आज करेंगे नॉमिनेशन

**एजेंसी | इटावा**

समाजवादी पार्टी का गढ़ रही कन्नौज सीट से सपा प्रमुख अखिलेश यादव ही चुनाव लड़ेंगे। गुरुवार को अखिलेश कन्नौज सीट से अपना नामांकन दाखिल करेंगे। सपा महासचिव रामगोपाल यादव ने भी इसकी पुष्टि कर दी है। उन्होंने कहा कि इसे लेकर कोई कन्फ्यूजन नहीं है।

### लालू यादव के दामाद को दिया गया था टिकट



इससे पहले सपा ने लालू यादव के दामाद और मुलायम परिवार के ही तेज प्रताप यादव को यहां से प्रत्याशी घोषित किया था। इटावा में अखिलेश यादव ने भी बुधवार को उनकी उम्मीद्वारी को लेकर पूछे गए सवाल पर कहा कि नामांकन होगा तो पता चल जाएगा। हो सकता है कि उससे पहले ही पता चल जाए। उन्होंने तेज प्रताप का नाम भी नहीं लिया। अखिलेश ने यह भी कहा कि सवाल कन्नौज की ऐतिहासिक जीत का है। इंडिया गठबंधन भविष्य बनकर आ रहा है।

### 2000 से 2012 तक कन्नौज सीट से ही लोकसभा सांसद रहे हैं अखिलेश यादव

अखिलेश यादव इससे पहले 2000 से 2012 तक कन्नौज सीट से ही लोकसभा सांसद रहे हैं। यूपी का मुख्यमंत्री बनने के बाद उन्होंने 2012 में इस्तीफा दे दिया था। 2017 में यूपी में सरकार नहीं बना पाई तो वह 2019 में आजमगढ़ से मैदान में उतरे और फिर से लोकसभा सांसद चुने गए। 2022 में यूपी विधानसभा के लिए चुने जाने के बाद लोकसभा से इस्तीफा दे दिया था। कहा जा रहा है कि कन्नौज में समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता तेज प्रताप की उम्मीदवारी से नाराज थे। वह तेज प्रताप को स्वीकार नहीं कर पा रहे थे। यह माना जाने लगा कि अगर अखिलेश चुनाव नहीं लड़ते तो बीजेपी को बढ़त मिल सकती है।

### सुब्रत पाठक से होगा मुकाबला

वहीं, भाजपा की ओर से एक बार फिर सुब्रत पाठक मैदान में उतरे हैं। सुब्रत पाठक ने 2019 में अखिलेश की पत्नी डिंपल यादव को हराकर कन्नौज सीट जीती थी। पाठक ने दावा किया कि 2019 में उनकी जीत के बाद कन्नौज अब सपा का गढ़ नहीं है। कहा कि मैं चाहता था कि अखिलेश यादव कन्नौज से चुनाव लड़ें, क्योंकि अब तेज प्रताप की उम्मीदवारी के साथ चुनाव में कोई उत्साह नहीं बचा है।

# सीट को लेकर महिला यात्री ने स्टेशन मास्टर को जड़ा थप्पड़

**एजेंसी | मुरादाबाद**

मुरादाबाद रेलवे स्टेशन पर बुधवार सुबह महिला ने स्टेशन मास्टर को थप्पड़ मार दिया। मामला ट्रेन में सीट दिलाने को लेकर हुए विवाद का था। इस बात को लेकर काफी हंगामा हुआ। मामला जीआरपी थाना पहुंचा तो महिलाओं स्टेशन पर मास्टर पर अभद्र व्यवहार का आरोप लगा दिया। हालांकि, बाद में दोनों पक्षों के बीच समझौता हो गया।

### स्टेशन पर थी पन्नू सिंह की ड्यूटी



बुधवार सुबह में स्टेशन मास्टर पन्नू सिंह की ड्यूटी थी। इस दौरान एक महिला उनके कक्ष में पहुंची और कहा कि उनका जिस ट्रेन में रिजर्वेशन था, वह निकल गई है। उनका जाना बेहद जरूरी है। अभी जो भी ट्रेन आ रही हैं, उसमें सीट दिलवा दो।

### महिला को समझाया लेकिन...

स्टेशन मास्टर पन्नू का कहना है कि उन्होंने महिला यात्री को समझाया कि स्टेशन मास्टर का कार्य सीट दिलवाना नहीं है, आप टिकट निरीक्षक कक्ष में जाइए वहां से व्यवस्था हो सकती है। थोड़ी देर वह एक अन्य महिला के साथ लौटकर आईं बोलीं कि ट्रेन आने वाली है और सीट की व्यवस्था नहीं हो रही है। आप ट्रेन में सीट का इंतजाम कराइए। मेरे मना करने पर बहस करने लगीं और अचानक से पूरे स्टाफ के सामने उनमें से एक महिला ने थप्पड़ मार दिया। इसके बाद वह जीआरपी थाना पहुंचे तो दोनों महिलाएं भी पीछे पीछे थाना पहुंच गईं। वहां महिलाओं ने स्टेशन पर मास्टर पर हाथ पकड़ने और अभद्र व्यवहार करने का आरोप लगा दिया। इधर, रेलवे कर्मचारी भी एकत्रित हो गए। काफी देर हंगामा होता रहा। बाद में महिलाओं के माफी मांगने पर समझौता हो गया।

**राजस्थान**

## जागरण में युवक के सिर पर कुल्हाड़ी से हमला

**बूंदी।** राजस्थान के बूंदी जिले से दिल दहला देने वाला वीडियो सामने आया है। भजन संध्या में युवक पर गांव के ही एक व्यक्ति ने सिर पर कुल्हाड़ी से हमला कर दिया। घटना में वह गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना के बाद अफरा-तफरी मच गई। आरोपी घटना को अंजाम देने के बाद मौके पर भाग गया, जिसकी पुलिस तलाश में जुटी हुई है। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। जानकारी के अनुसार कापरेन थाना क्षेत्र के कोडक्या गांव में मंगलवार को हनुमान जयंती पर जागरण का कार्यक्रम हो रहा था। रात करीब 11 बजे बाद गांव के ही तेजमल गुर्जर ने कुल्हाड़ी से बनवारी लाल मीणा के सिर पर वार कर दिया। इसमें बनवारी गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल बनवारी को लोग तुरंत स्थानीय अस्पताल लेकर पहुंचे, वहां से प्राथमिक उपचार करने के बाद उसे कोटा रेफर कर दिया गया। अचानक हुई घटना से हड़कंप मच गया। वहीं घटना के बाद आरोपी मौके से भाग गया। पुलिस आरोपी को तलाश रही है।

## कलेक्टर की ID से खुद के नाम जारी किया हथियार का लाइसेंस

**अलवर।** खैरथल जिला कलेक्टर कार्यालय में कार्यरत सहायक प्रशासनिक अधिकारी नरेंद्र चौधरी सहित चार जनों के विरुद्ध धोखाधड़ी से आर्म्स लाइसेंस जारी करवाने का मामला खैरथल थाने में दर्ज हुआ है। मामले की रिपोर्ट जिला कलेक्टर कार्यालय से एडीएम सुरेंद्र सिंह यादव, खैरथल-तिजारा की ओर से मामला दर्ज कराया गया है। रामहेत सिंह यादव पूर्व विधायक किशनगढ़ बास द्वारा मुख्यमंत्री को लिखे पत्र की प्रति संलग्न कर नरेन्द्र सिंह चौधरी सहायक प्रशासनिक अधिकारी के विरूद्ध विधानसभा आम चुनाव-2023 के दौरान कांग्रेस प्रत्याशी के पक्ष में चुनाव प्रचार करने एवं जिला कलक्टर खैरथल तिजारा की आईडी पर स्वयं के नाम से आर्म्स लाइसेंस जारी करने के संदर्भ में शिकायत की गई थी। जांच के बाद सामने आया कि सक्षम स्तर से बिना अनुमोदन हुए ही नरेन्द्र चौधरी सहायक प्रशासनिक अधिकारी, जितेन्द्र शर्मा अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी, दिनेश कुमार वरिष्ठ सहायक, नरेश चन्द शर्मा, कनिष्ठ सहायक, अजय सैनी, सहायक प्रोगामर द्वारा पोर्टल पर आरोपी कार्मिक नरेन्द्र चौधरी (तत्कालीन कार्यरत निजी सहायक जिला कलेक्टर खैरथल-तिजारा) के नाम नवीन अनुज्ञापत्र जारी किया गया। आईडी का दुरुपयोग कर पोर्टल पर आरोपी कार्मिक नरेन्द्र चौधरी के नाम आर्म्स अनुज्ञा पत्र जारी करने के लिए संबंधित दोषी कर्मियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज की गई है।

# पूर्व पहलवान नरसिंह यादव चुने गए WFI एथलीट पैनल के अध्यक्ष



**एजेंसी | वाराणसी**

राष्ट्रमंडल खेलों के स्वर्ण पदक विजेता नरसिंह पंचम यादव बुधवार को भारतीय कुश्ती महासंघ (WFI) के एथलीट आयोग के अध्यक्ष बन गए। इसके साथ ही खेल की विश्व संचालन संस्था द्वारा अनिवार्य की गई प्रक्रिया भी पूरी हो गई। खेल की अंतरराष्ट्रीय संस्था UWW ने WFI का निलंबन हटाते हुए कहा था कि संजय सिंह की अगुआई वाली राष्ट्रीय महासंघ के लिए पहलवानों की शिकायतों को निपटाने के लिए एथलीट आयोग गठित करना अनिवार्य होगा। आयोग के सात स्थानों के लिए कुल आठ दावेदार दौड़ में थे और मतदान के बाद सात सदस्यों को चुना गया। इसके बाद उन्होंने आयोग के अध्यक्ष पद के लिए नरसिंह को चुना। 2016 ओलंपिक से पहले टीम के सदस्य नरसिंह सुर्खियों में आ गये थे जब ओलंपिक पदक विजेता सुशील कुमार ने उनके खिलाफ एक ट्रायल मुकाबले का अनुरोध किया था जबकि वह चोट के कारण क्वालीफिकेशन टूर्नामेंट में नहीं खेल पाये थे। सुशील ने दिल्ली उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया और उनकी अपील खारिज होने के बाद पुष्टि हो गयी कि नरसिंह ही रियो ओलंपिक जायेंगे। लेकिन हैरानी की बात रही कि नरसिंह ओलंपिक से पहले करायी गयी दो डोप जांच में विफल हो गये थे जिससे खेल पंचाट ने उन्हें चार साल के लिए प्रतिबंधित कर दिया था। हालांकि राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी (नाडा) ने उन्हें यह कहते हुए पाक साफ करार कर दिया था कि वह साजिश के कारण डोप जांच में पॉजिटिव आये थे।

# यूपी में भव्य शिव मंदिर बनाएंगे डॉ. अनिल काशी मुरारका

### गाजीपुर के मैनपुर गांव में किया भूमिपूजन

**दोपहर संवाददाता | मुंबई**



धन की सार्थकता मानवीय मदद और रचनात्मक सार्वजनिक निर्माण कार्य करने में है। जन्मभूमि से लेकर कर्मभूमि तक अपने सामाजिक कार्यों की छाप छोड़ने वाले, मुंबई के प्रख्यात समाजसेवी तथा एम्पल मिशन संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ अनील काशी मुरारका ने आज उत्तर प्रदेश के गाजीपुर जिला स्थित मैनपुर गांव में प्रसिद्ध हनुमान मंदिर के बगल में भगवान शंकर के भव्य मंदिर के निर्माण की आधारशिला रखी। 15 लाख रुपए की लागत से बनने वाले इस भव्य मंदिर के भूमि पूजन समारोह में आसपास के गांव की सैकड़ो लोग उपस्थित रहे। सभी लोगों ने उनके धार्मिक सामाजिक कार्य की सराहना करते हुए उनके प्रति आभार व्यक्त किया। ज्ञातव्य हो कि इसी गांव के मूल निवासी तथा मुंबई में स्वतंत्र पत्रकार के रुप में काम कर रहे राजहंस सिंह के विशेष अनुरोध पर डॉ मुरारका ने सहर्ष यहां शिव मंदिर बनाने का निर्णय लिया। इस अवसर पर उपस्थित प्रमुख लोगों में भोजपुरी के मशहूर गीतकार राणा सिंह, मैनपुर के ग्राम प्रधान जयप्रकाश सिंह, पूर्व ब्लाकप्रमुख शिशुपाल सिंह उर्फ भूरा सिंह, नवयुवक स्वामी विवेकानंद के पूर्व प्रिंसिपल दयाशंकर सिंह, अरुण सिंह, शिव प्रकाश सिंह, रतन दुबे, समाजसेवी महेंद्र प्रताप सिंह, मनीष सिंह, कृष्णानंद द्विवेदी, बिट्टू सिंह, राकेश सिंह ,सुनील सिंह, दीपक सिंह, चंदन सिंह, सुरेंद्र यादव, रामविलास यादव, गुरुचरण यादव,पप्पू बिंद,सुरेंद्र यादव, कुमार स्कंदचंद्रभान आर्य, मन्नू प्रजापति, विशाल गुप्ता,जनार्दन सिंह, मोहन बिंद, हीरू यादव, परमानंद प्रजापति, दीपक सिंह, दुल्ली रतन दुबे आदि का समावेश रहा।

# तुलसियानी ग्रुप के 10 ठिकानों पर ईडी की छापेमारी

- बैंक और निवेशकों के करोड़ों रुपए हड़पने का आरोप




**एजेंसी | लखनऊ**

ईडी ने बुधवार को रीयल स्टेट का कारोबार करने वाली कंपनी तुलसियानी ग्रुप के 10 ठिकानों पर छापेमारी की है। प्रवर्तन निदेशालय की टीमें प्रयागराज, लखनऊ, नोएडा, दिल्ली और गुरुग्राम में छापेमारी कर रही है। तुलसियानी ग्रुप पर बैंक और निवेशकों के करोड़ों रुपये हड़पने का आरोप है। बता दें कि बीते छह दिसंबर को ईडी ने कंपनी के खिलाफ मनी लॉड्रिंग के तहत जांच पड़ताल शुरू की थी।

### फर्जी दस्तावेजों के जरिए पीएनबी से 4 करोड़ 63 लाख का लिया था कर्ज

तुलसियानी ग्रुप पर पंजाब नेशनल बैंक और निवेशकों से 30 करोड़ से अधिक की रकम हड़पने का आरोप है। जानकारी के मुताबिक कंपनी ने फर्जी दस्तावेजों के जरिए पीएनबी से 4 करोड़ 63 लाख का कर्ज लिया था। जब बैंक ने कर्ज वसूली के लिए पत्राचार किया तो कंपनी के तरफ से कोई जवाब नहीं मिला। इस पर बैंक मैनेजर ने लखनऊ के हजरतगंज कोतवाली में तुलिसियाना ग्रुप के निदेशक महेश तुलसियानी और अनिल तुलसियानी के खिलाफ केस दर्ज कराया था। बाद में लखनऊ पुलिस ने अजय और अनिल तुलसियानी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। बता दें कि बॉलीवुड एक्टर शाहरुख खान की पत्नी गौरी खान तुलसियानी ग्रुप की ब्रांड एंबेसडर रह चुकी हैं। शिकायतकर्ताओं के मुताबिक तुलसियानी ग्रुप ने सुशांत गोल्फ सिटी शहीद पथ के पास प्लासियो इम्पीरियल के नाम से अपार्टमेंट बनाए जाने का दावा किया था।


## व्यापार जगत

# कोटक महिंद्रा बैंक पर RBI का बड़ा एक्शन

- कोटक महिंद्रा बैंक नए क्रेडिट कार्ड जारी नहीं कर सकेगा
- ऑनलाइन खाते खोलने पर भी रोक

**एजेंसी | मुंबई**

भारतीय रिजर्व बैंक ने बुधवार को कोटक महिंद्रा बैंक को तत्काल प्रभाव से नए क्रेडिट कार्ड जारी करने से रोकने का निर्देश दिया। इसके साथ ही ऑनलाइन और मोबाइल बैंकिंग चैनलों के माध्यम से नए ग्राहकों को जोड़ने पर रोक लगा दी गई है। बैंक पर ये प्रतिबंध लगाने का कारण बताते हुए RBI ने कहा कि 2022 और 2023 के बीच उसने पर्याप्त आईटी इंफ्रास्टक्चर नहीं होने को लेकर बैंक को अपनी चिंता जताई थी, लेकिन बैंक इन कमियों को दूर करने में लगातार विफल रहा। बैंकिंग रेगुलेशन एक्ट 1949 के सेक्शन 35A की तहत RBI ने अपनी पावर का इस्तेमाल करते हुए कोटक महिंद्रा बैंक के खिलाफ यह कार्रवाई की है। हालांकि, जो लोग बैंक के पहले से ग्राहक है उन्हें पहले की तरह सभी सर्विसेज मिलती रहेंगी।




### RBI ने तीन और बड़ी बातें कही

- RBI को बैंक के आईटी इन्वेंट्री मैनेजमेंट, यूजर एक्सेस मैनेजमेंट, वेंडर रिस्क मैनेजमेंट, डेटा सिक्योरिटी और डेटा लीक प्रिवेंशन स्टैटजी जैसे क्षेत्रों में गंभीर कमियां मिली थी। लगातार दो साल तक ऐसा देखा गया, लेकिन बैंक कोई ठोस कदम नहीं उठा पाया।
- मजबूत आईटी इंफ्रास्ट्रक्चर के अभाव में बैंक के कोर बैंकिंग सिस्टम (CBS) और इसके ऑनलाइन और डिजिटल बैंकिंग चैनल में पिछले दो साल में लगातार आउटेज देखा गया। लेटेस्ट आउटेज 15 अप्रैल को हुआ था, जिससे ग्राहकों को असुविधा हुई।
- अब लगाए गए प्रतिबंधों की समीक्षा बैंक के एक्सटर्नल ऑडिट के बाद की जाएगी। इस एक्सटर्नल ऑडिट के लिए बैंक को RBI की पहले से मंजूरी लेनी होगी। बैंक को RBI के इन्सपेक्शन और एक्सटर्नल ऑडिट में बताई गई सभी कमियों को भी दूर करना होगा।

# 'भा' कोड से भारतीयों के लिए तैयार होंगे फुटवियर

**एजेंसी | नई दिल्ली**

भारत में मिलने वाले जूते-चप्पल अमेरिकी या यूरोपीय नाप के होते हैं। यही वजह है कि वे हमारे देश के लोगों के पैरों में फिट नहीं आते। दरअसल, भारतीयों के पैर अमेरिकियों और यूरोपीयनों से ज्यादा चौड़े होते हैं, लेकिन कंपनियां जूते-चप्पल अमेरिकियों या यूरोपीय लोगों के पैर की लंबाई-चौड़ाई के आधार पर ही तैयार करती हैं। अब यह व्यवस्था बदलने वाली है। अब जूते-चप्पलों के भारतीय मानक तैयार हो रहे हैं। अगले साल यानी 2025 से कंपनियां अलग से भारतीयों के लिए फुटवियर तैयार करेंगी। इसके लिए 'भा' (Bha) कोड रखा गया है, जिसका मतलब भारत से है। इसके लिए ब्यूरो ऑफ इंडियन स्टैंडर्ड से मान्यता मिलनी बाकी है।



### भारतीयों के पैर के साइज को लेकर किया सर्वे

भारतीयों के पैर की आकृति और आकार समझने के लिए काउंसिल ऑफ साइंटिफिक एंड इंडस्ट्रियल रिसर्च और सेंट्रल लेदर रिसर्च इंस्टीट्यूट ने पूरे भारत में सर्वे किया। इसमें यह भी पता चला कि महिलाओं के पैरों का आकार 11 साल की उम्र तक बढ़ता है, जबकि पुरुषों में यह 15-16 साल तक बढ़ता रहता है।

### 50% फुटवियर सही नाप न होने से लौटाए जा रहे

इस बदलाव की सबसे बड़ी वजह भारत का बड़ा बाजार है। यहां हर भारतीय के पास औसतन 1.5 जूते हैं। ऑनलाइन खरीदे गए 50% फुटवियर सही नाप न होने से लौटा दिए जाते हैं। नई व्यवस्था में अब कंपनियों को 10 की बजाय 8 साइज में ही फुटवियर बनाने होंगे।

# सेंसेक्स 114 अंक चढ़कर 73,852 पर बंद

- निफ्टी में भी 34 अंक की तेजी रही
- टाटा कंज्यूमर का शेयर 5.48% फिसला



| सेंसेक्स | निफ्टी | BSE मिड कैप | BSE स्मॉल कैप |
|---|---|---|---|
| 73,852 | 22,402 | 40,956 | 46,858 |
| 114 (0.16%) | 34 (0.15%) | 372 (0.92%) | 366 (0.79%) |

**एजेंसी | मुंबई**

शेयर बाजार में 24 अप्रैल को लगातार चौथे कारोबारी दिन तेजी देखने को मिली है। संसेक्स 114 अंक चढ़कर 73,852 के स्तर पर बंद हुआ। वहीं निफ्टी में भी 34 अंक की तेजी रही। ये 22,402 के स्तर पर बंद हुआ। कारोबार में सबसे ज्यादा तेजी मेटल शेयरों में देखी गई। निफ्टी मेटल 2.69% की तेजी रही। निफ्टी बैंक इंडेक्स भी 0.46% चढ़ा। हेल्थकेयर, फार्मा और रियल्टी इंडेक्स भी तेजी देखने को मिली। आईटी और ऑटो में गिरावट रही। टाटा कंज्यूमर का शेयर 5.48% गिरकर बंद हुआ।

### मंगलवार को भी बाजार में रही थी तेजी

इससे पहले मंगलवार, 23 अप्रैल को शेयर बाजार में तेजी देखने को मिली थी। सेंसेक्स 89 अंक की बढ़त के साथ 73,738 के स्तर पर बंद हुआ था। वहीं, निफ्टी में भी 31 अंक की तेजी रही। ये 22,368 के स्तर पर बंद हुआ था।

# सोना-चांदी के दाम में तेजी

**सोना 71,826 रुपए प्रति 10 ग्राम हुआ** | **चांदी भी 80 हजार पार हुई**

**एजेंसी | नई दिल्ली**

सोने और चांदी की कीमतों में 24 अप्रैल को बढ़त देखने को मिली है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (IBJA) के अनुसार 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 228 रुपए महंगा होकर 71,826 रुपए हो गया है। वहीं एक किलो चांदी 680 रुपए सस्ती हुई है। ये 80,687 रुपए प्रति किलोग्राम में बिक रही है।

### 4 महानगरों और भोपाल में सोने की कीमत



- दिल्ली : 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 66,750 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 72,800 रुपए है।
- मुंबई : 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 66,600 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 72,650 रुपए है।
- कोलकाता : 10 ग्राम 22 कैरेट गोल्ड की कीमत 66,600 रुपए और 24 कैरेट 10 ग्राम सोने की कीमत 72,650 रुपए है।
- चेन्नई : 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 67,300 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 73,420 रुपए है।



लगातार छह मैच हार चुके रॉयल चैलेंजर्स लड़ रहे हैं सम्मान की लड़ाई, सनराइजर्स की निगाह फिर रनों का अंबार लगाने पर

# बेंगलुरु के सामने हैदराबाद की कठिन चुनौती

एजेंसी | हैदराबाद

पिछले लगातार छह मैच से जीत के लिए तरह रहे रॉयल चैलेंजर्स के सामने गुरुवार को सनराइजर्स हैदराबाद की कठिन चुनौती होगी। इस सत्र में आक्रामक खेल खेल रहे हैदराबाद को रोकना वो भी उसके घरेलू मैदान में बेंगलुरु के गेंदबाजों के लिए आसान नहीं होगा। सम्मान की लड़ाई लड़ रही बेंगलुरु के लिए प्लेऑफ की उम्मीदें लगभग खत्म हो चुकी हैं। टीम आठ मैच में सिर्फ एक जीत सकी है। वहीं हैदराबाद का लक्ष्य आक्रामक बल्लेबाजी करते हुए रनों का अंबार लगाने की होगी। वह तीन बार 250 रन का आंकड़ा पार कर चुकी है। उसके बल्लेबाजों ने तूफानी बल्लेबाजी की है।



**आमने-सामने**

| | |
|---|---|
| कुल मैच | : 24 |
| हैदराबाद जीता | : 13 |
| बेंगलुरु जीता | : 10 |
| बेनतीजा | : 01 |

**नंबर गेम**

- हैदराबाद ने बेंगलुरु को उसके घर एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में लीग का सबसे बड़ा स्कोर बनाकर 25 रन से हराया था।
- बेंगलुरु ने सनराइजर्स को पिछले साल उसके घर हैदराबाद में खेले गए मुकाबले में 8 विकेट से पराजित किया था।
- दोनों ने राजीव गांधी अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम में 8 मैच खेले हैं जिसमें से छह सनराइजर्स और दो बेंगलुरु ने जीते हैं

## कोहली-हेड फॉर्म



बेंगलुरु के बल्लेबाजों ने अपनी गेंदबाजी की खामियों की भरपाई करने के लिए काफी मशक्कत की है लेकिन संतुलन के मामले में इतनी कमजोर टीम के लिए हरफनमौला प्रदर्शन दिखाना असंभव ही दिखता है। विराट कोहली के साथ ही दिनेश कार्तिक भी फॉर्म में है। दोनों अपना दिन होने पर मैच का पासा पलटने में माहिर हैं पर अभी तक ऐसा हुआ नहीं। कप्तान डु प्लेसिस और रजत पाटीदार टुकड़ों में प्रदर्शन कर रहे हैं। पर गेंदबाज बेदम साबित हो रहे हैं।

## अभिषेक-हेड छुड़ा रहे छक्के

हैदराबाद के ओपनर अभिषेक शर्मा और ट्रेविस हेड प्रतिद्वंद्वी गेंदबाजों पर पावरप्ले में कहर बनकर टूट रहे हैं। ताबड़तोड़ बल्लेबाजी कर यह दोनों टीम को धमाकेदार शुरुआत दिला रहे हैं। इसके बाद मध्यक्रम में मार्कराम, क्लासेन, त्रिपाठी और समद अपना रंग दिखा रहे हैं। इन सभी को बेंगलुरु के गेंदबाजों को रोकना आसान नहीं होगा।

## गेंदबाज भी दिखा रहे दम

कप्तान पैट कमिंस की अगुआई में हैदराबाद के गेंदबाज भी दम दिखा रहे हैं। फिर चाहे वह टी नटराजन हो, मयंक मारकंडे या फिर जयदेव उनादकट सभी अपना योगदान दे रहे हैं। बाएं हाथ के मीडियम तेज गेंदबाज नटराजन पांच मैच में टीम की ओर से 8.50 की इकोनॉमी से दस विकेट लेकर शीर्ष दस में शामिल हैं। कमिंस ने अब तक नौ विकेट झटके हैं।

**गेंदबाजी बेंगलुरु की कमजोर कड़ी :** बेंगलुरु के लिए गेंदबाजी उसकी सबसे कमजोर कड़ी रही है। मोहम्मद सिराज सहित उसके सभी गेंदबाज विकेट के लिए तरस रह हैं। यश दयाल ने टीम के लिए सर्वाधिक सात विकेट झटके हैं और सूची में 24वें नंबर पर हैं। हैदराबाद के बल्लेबाज अगर बेंगलुरु के कमजोर गेंदबाजी आक्रमण के खिलाफ कुछ और रिकॉर्ड बना दे तो कोई हैरानी नहीं होगी।


## न्यूज ब्रीफ

### क्वालीफायर मैचों से पहले भुवनेश्वर में लगेगा शिविर



**नई दिल्ली।** भारतीय फुटबॉल टीम कुवैत और कतर के खिलाफ फीफा विश्व कप 2026 क्वालीफायर के दूसरे दौर के अपने महत्वपूर्ण मैच से पहले 10 मई से भुवनेश्वर में चार सप्ताह का अभ्यास शिविर लगाएगी। भारतीय टीम 6 जून को साल्ट लेक स्टेडियम में कुवैत के खिलाफ होने वाले मैच के लिए 2 जून को कोलकाता जाएगी। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ ने बुधवार को ट्वीट के जरिये यह जानकारी दी। भारतीय टीम का लक्ष्य पिछले महीने गुवाहाटी में अफगानिस्तान से मिली 1-2 की शर्मनाक हार से उबरना होगा। भारत चार मैचों में इतने अंकों के साथ अपने ग्रुप में दूसरे स्थान पर है। छह मैचों के बाद दो टीमें तीसरे दौर में पहुंचेंगी।

### ओस के कारण स्पिनर्स मैच से बाहर हो गए : ऋतुराज



**चेन्नई।** चेन्नई सुपर किंग्स के कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ ने कहा कि ओस के कारण हमारे स्पिनर्स मैच से बाहर हो गए और हमें लखनऊ सुपर जायंट्स से हार का सामना करना पड़ा। मंगलवार को इस मैच में शतक जड़ने वाले लखनऊ के कप्तान ऋतुराज ने कहा, यह हार कड़वी घूंट की तरह है, लेकिन अच्छा क्रिकेट देखने को मिला। लखनऊ ने आखिरी ओवरों में अच्छा खेल दिखाया और मैच को हमसे दूर ले गए। 13-14 ओवर तक खेल हमारे नियंत्रण में था, लेकिन मार्कस स्टॉइनिस को मेरा सलाम है। उन्होंने बेहतरीन खेल दिखाया। इसके अलावा ओस ने भी इस मैच में अहम भूमिका निभाई। ओस के कारण हमारे स्पिनर्स मैच से बाहर हो गए, लेकिन आप इन चीजों को नियंत्रित नहीं कर सकते।

## दक्षिण एशियाई चैंपियनशिप में चुनौती देगा 33 सदस्यीय भारतीय दल



**नई दिल्ली।** आदर्श मुरलीधरन सिनिमोल और प्रगन्या मोहन की अनुभवी जोड़ी दक्षिण एशियाई ट्रायथलॉन चैंपियनशिप में 33 सदस्यीय मजबूत भारतीय चुनौती की अगुआई करेगी। यह प्रतियोगिता नेपाल के पोखरा में एशिया ट्रायथलॉन कप के साथ 27 अप्रैल से शुरू होगी। टूर्नामेंट में 750 मीटर तैराकी, 20 किमी साइकिलिंग और पांच किमी दौड़ शामिल है।

### *प्रगन्या की नजर खिताबी चौथे पर*

*प्रगन्या की नजर चौथे खिताब पर है। उन्होंने पिछले चरण में अपना लगातार तीसरा दक्षिण एशियाई खिताब जीता था जबकि महिलाओं के ओवरऑल वर्ग में नौवा स्थान भी हासिल किया था। पिछले साल क्रमशः रजत और कांस्य पदक जीतने वाली महाराष्ट्र की संजना जोशी और मानसी मोहिते की जोड़ी भी 13 सदस्यीय भारतीय महिला एथलीट की टीम का हिस्सा है। सेना के सिनिमोल 2022 के विजेता हैं और पिछले साल तीसरे स्थान पर रहे थे। वह 20 सदस्यीय मजबूत भारतीय पुरुष दल की चुनौती का नेतृत्व करेंगे।*

***भारतीय दल– पुरुष** : तेलहेइबा सोरम, क्षेत्रीमयुम कबिदश सिंह, तुषार डेका, अनघ वानखड़े, पार्थ सांखला, अंगद इंगलेकर, अभिषेक मोदनवाल, अंकुर चाहर, पार्थ मिराज, कृषिव पटेल, कौशिक विनायक मलंदकर, साई लोहिताक्ष केडी, देव अंबोकर, राज कुमार पवार, पुस्कर दास, विश्वनाथ यादव, आदर्श मुरलीधरन नायर सिनिमोल, अंकन भट्टाचार्जी, अर्णब भट्टाचार्य, सफा मुस्तफा शेख।*

***महिला** : दुर्विशा पवार, डॉली देवीदास पाटिल, धृति कौजाल्गी, रमा सोनकर, हेनी जलावादिया, प्रेरणा श्रवण कुमार, ऋद्धि कदम, संजना जोशी, स्नेहल जोशी, मानसी मोहिते, नफीसा मिलवाला, प्रगन्या मोहन, पूनम विश्वास।*

## सही संयोजन ढूंढने की कोशिश : फ्लेमिंग

**चेन्नई।** चेन्नई सुपर किंग्स बल्लेबाजी विभाग की अपनी समस्याओं को जल्दबाजी से निपटाने की कोशिश में नहीं जुटा है। मुख्य कोच स्टीफन फ्लेमिंग आठ मैच में चौथी हार के बावजूद डेरिल मिचेल को शीर्ष तीन में तालमेल बिठाने के लिए समय देने को तैयार हैं। मंगलवार को लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ अजिंक्य रहाणे और रुतुराज गायकवाड़ पारी का आगाज करने उतरे जबकि मिचेल को पांचवें से तीसरे नंबर पर भेजा गया। पिछले मैच में गायकवाड़ तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी उतरे थे।



फ्लेमिंग ने अपने ही मैदान पर सत्र की पहली हार के बाद कहा, यह सही संयोजन और फॉर्म ढूंढने की कोशिश है।

**निशानेबाजी**

## सिफत और नीरज राइफल थ्रीपी में शीर्ष पर



**नई दिल्ली।** एशियाई खेलों की चैंपियन निशानेबाज सिफत कौर सामरा महिलाओं की 50 मीटर राइफल थ्री पोजिशन में ओलंपिक चयन के पहले ट्रायल (ओएसटी टी1) शीर्ष पर रही। पुरुष वर्ग में नीरज कुमार पहले और दूसरे दोनों ट्रायल में सबसे आगे रहे। विश्व रिकॉर्डधारी सिफत को आशी चौकसे से कड़ी टक्कर मिली लेकिन प्रोन पोजिशन में शानदार प्रदर्शन के दम पर उन्होंने 3.7 अंक के अच्छे अंतर से जीत दर्ज की। सिफत ने 466.3 का स्कोर किया जबकि आशी के नाम 462.6 अंक रहे। ओलंपियन अंजुम मौदगिल (449.2) तीसरे, निश्चल (433.6) चौथे और पेरिस कोटा धारक श्रियंका सदांगी (416.7) पांचवें स्थान पर रहीं।
पुरुषों की इसी स्पर्धा में नीरज कुमार (462.2) शीर्ष पर रहे। पेरिस कोटा धारक और क्वालिफिकेशन में शीर्ष पर रहे स्वप्निल कुसाले (460.9) दूसरे जबकि ऐश्वर्य तोमर (450.5) तीसरे स्थान पर रहे। चैन सिंह (439.8) चौथे और अखिल श्योराण (429.1) पांचवें स्थान पर रहे। संदीप सिंह (634.4) और तिलोत्तमा सेन (632.4) क्रमशः पुरुषों और महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल क्वालीफिकेशन में तो वहीं वरुण तोमर (583) और रिदम सांगवान (578) 10 मीटर पिस्टल क्वालिफिकेशन दौर में शीर्ष पर रहे। एयर राइफल और एयर पिस्टल के ट्रायल एक का फाइनल गुरुवार को होगा।

**एशियाई अंडर-22 और युवा मुक्केबाजी चैंपियनशिप**

## प्रीति पर रहेगा भारतीय उम्मीदों का दारोमदार

एजेंसी | नई दिल्ली

पेरिस ओलंपिक का कोटा हासिल करने वाले प्रीति पवार पर एएसबीसी एशियाई अंडर-22 और युवा मुक्केबाजी चैंपियनशिप में भारतीय उम्मीदों का दारोमदार होगा। चैंपियनशिप में 50 सदस्यीय भारतीय टीम चुनौती पेश करेगी। टूर्नामेंट 27 अप्रैल से सात मई तक कजाखस्तान के अस्ताना में खेला जाएगा। एशियाई खेलों की कांस्य पदक विजेता प्रीति ने 54 किग्रा वजन वर्ग में पेरिस ओलंपिक कोटा हासिल किया था। प्रीति के साथ अंडर-22 टूर्नामेंट में पूर्व युवा विश्व चैंपियन और 2022 एशियाई चैंपियनशिप की स्वर्ण पदक विजेता अलफिया पठान (81 किग्रा) भी चुनौती पेश करेंगी। अंडर-22 और युवा प्रतियोगिता में पुरुष और महिला वर्ग में 25-25 भारतीय मुक्केबाज हिस्सा लेंगे। मुक्केबाजों का चयन ट्रायल्स में हुए शानदार प्रदर्शन के आधार पर किया गया है। भारतीय मुक्केबाजी महासंघ (बीएफआई) के



महासचिव हेमंत कलिता ने कहा, देश से कड़े प्रतिस्पर्धी ट्रायल्स के जरिये मुक्केबाजों का चयन किया गया है। टूर्नामेंट इन युवा मुक्केबाजों के लिए अपना कौशल दिखाने और अंतरराष्ट्रीय अनुभव हासिल करने का शानदार मौका है। ये एशिया के सबसे प्रतिष्ठित टूर्नामेंट में से एक हैं। युवा महिला वर्ग में मौजूदा जूनियर विश्व चैंपियन निशा (52 किग्रा) और आकांक्षा (70 किग्रा) देश की चुनौती की अगुआई करेंगी।

**तीरंदाजी विश्व कप**

## अभिषेक, प्रथमेश और प्रियांश की उलटफेर भरी जीत

एजेंसी | शंघाई

भारतीय कंपाउंड तीरंदाजी टीमों ने बुधवार को सत्र के शुरुआती विश्व कप में फाइनल में जगह बनाकर पदक पक्के कर लिए। अनुभवी अभिषेक वर्मा, प्रथमेश भालचंद्र फुगे और प्रियांश की तिकड़ी ने सेमीफाइनल में कोरिया को 235-233 से हराकर बड़ा उलटफेर किया। शुरुआती दो दौर के बाद दोनों टीमें बराबरी पर थी लेकिन भारत ने 59 के स्कोर के साथ कोरिया को पछाड़ा। फाइनल में शनिवार को नीदरलैंड्स से सामना होगा। इससे पहले चौथी वरीय भारतीय टीम ने फिलीपींस और डेनमार्क को पराजित किया।



### पुरुषों के साथ ही महिला कंपाउंड टीम भी फाइनल में पहुंची

महिला वर्ग में मौजूद विश्व चैंपियन भारत ने तुर्की और सेमीफाइनल में एस्तोनिया को 235-230 से शिकस्त देकर फाइनल का टिकट कटाया। शीर्ष वरीयता प्राप्त भारत के सामने फाइनल में इटली की चुनौती होगी। अंडर-18 और सीनियर चैंपियन अदिति स्वामी, ज्योति सुरेखा वेन्नम और परनीत कौर की तिकड़ी ने शुरुआती दो मैचों में सिर्फ 10 अंक गंवाए। कजाखस्तान की महिला टीम और कोरिया की पुरुष टीम ने कांस्य पदक जीता।

**बॉक्स ऑफिस**

# 'LSD 2' की हालत खस्ता, फिल्म 'दो और दो प्यार' का भी 'डिब्बा गुल'

एकता कपूर की फिल्म 'लव सेक्स और धोखा 2'( LSD 2) का प्रशंसकों को बेसब्री से इंतजार था। दरअसल, पहले भाग 'लव सेक्स और धोखा' ने बॉक्स ऑफिस पर बढ़िया प्रदर्शन किया था, वहीं फिल्म की हटके स्टोरीलाइन ने भी दर्शकों का दिल जीत लिया था, लेकिन इसकी दूसरी किस्त सिनेमाघरों में दर्शकों के लिए तरस रही है। उधर विद्या बालन की फिल्म 'दो और दो प्यार' का हाल भी बेहाल है।

### 5वें दिन फिल्म ने किया 8 लाख का कारोबार

'LSD 2' ने पहले ही दिन बॉक्स ऑफिस पर दम तोड़ दिया था। फिल्म ने महज 15 लाख रुपए से अपना खाता खोला था। उसके बाद फिल्म ने वीकेंड तक में दम नहीं भरा। 5वें दिन यानी मंगलवार को भी इसने 8 लाख रुपए कमाए। फिल्म की चौथे दिन की कमाई भी इतनी ही थी। पिछली बार की तरह बेहिसाब बोल्ड दृश्यों के साथ लाई गई यह फिल्म भारत में अब तक 81 लाख रुपए का कारोबार कर पाई है।

### 'दो और दो प्यार' का संघर्ष भी जारी

इस वक्त 'दो और दो प्यार' के लिए एकमात्र खुशी की बात यह है कि ये 'LSD 2' से कमाई में आगे है, लेकिन यह एक ऐसी रेस बन गई है, जिसमें दोनों की ही बुरी तरह हार हुई है। शीर्षा गुहा ठाकुरता के निर्देशन में बनी 'दो और दो प्यार' ने 5वें दिन 28 लाख रुपए कमाए। चौथे दिन इसने 25 लाख रुपए कमाए थे। फिल्म अब तक भारत में कुल 2 करोड़ 9 लाख रुपए जुटा पाई है।

### दोनों फिल्मों की कहानी और किरदार

'LSD 2' 3 कहानियों को एक साथ बुनती है। दूसरी किस्त का निर्देशन भी दिबाकर बनर्जी ने किया है। यह सोशल मीडिया को लेकर आज की पीढ़ी का पागलपन दिखाती है। फिल्म में परितोष तिवारी, बोनिता राजपुरोहित,




अभिनव सिंह, स्वास्तिका मुखर्जी, मौनी रॉय और उर्फी जावेद जैसे कलाकार नजर आए हैं। उधर शादी और बेवफाई की कहानी कहती 'दो और दो प्यार' में विद्या के अलावा प्रतीक गांधी, सेंधिल राममूर्ति और इलियाना डिक्रूज ने भी अहम भूमिका निभाई है।

### 'मैदान' और 'बड़े मिया छोटे मियां' का हाल

अजय देवगन की फिल्म 'शैतान' बॉक्स ऑफिस पर अपनी आखिरी सांसें गिन रही है। उनकी हालिया रिलीज फिल्म 'मैदान' को रिलीज हुए 13 दिन हुए हैं। 13वें दिन इसने 75 लाख रुपए कमाए। इसी के साथ फिल्म अब तक 37 करोड़ 5 लाख रुपए का कारोबार कर पाई है। उधर अक्षय कुमार की 'बड़े मियां छोटे मियां' ने 13वें दिन 80 लाख रुपए बटोरे। इसी के साथ इसने भारत में 56 करोड़ 43 लाख रुपए का कारोबार कर लिया है।

## 'पुष्पा 2: द रूल' के गाने का धमाकेदार टीजर हुआ रिलीज



अल्लू अर्जुन के चाहने वालों के लिए बड़ी खुशखबरी। 'पुष्पाः द रूल' के गाने का धमाकेदार टीजर को रिलीज कर दिया गया है। फिल्म के इस टीजर को देखकर दर्शकों का उत्साह दोगुना हो गया है। निर्देशक सुकुमार की इस फिल्म का दर्शक बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। आइए बताते हैं इस टीजर में क्या खास चीजें आपको देखने को मिलेंगीं। निर्देशक सुकुमार की फिल्म 'पुष्पाः द रूल' के लिए दर्शकों में अलग किस्म जुनून देखने को मिल रहा है। 'पुष्पाः द रूल' साल 2024 की बहुचर्चित फिल्मों में से एक है। पिछले दिनों अल्लू अर्जुन के जन्मदिन के अवसर पर मेकर्स ने 'पुष्पाः द रूल' के पहले टीजर जारी किया था। उस टीजर में जथारा एपिसोड की एक झलक देखने को मिली थी। वहीं आज मेकर्स ने फिल्म के गाने 'पुष्पा-पुष्पा' के टीजर को रिलीज किया है।

# परवीन बाबी को याद करते दिखे शेखर सुमन

शेखर सुमन इन दिनों अपने आगामी शो 'हीरामंडी' को लेकर सुर्खियां बटोर रहे हैं। इस शो से वे काफी समय बाद बॉलीवुड में वापसी करने जा रहे हैं। शेखर सुमन के लिए यह शो इसलिए भी खास है क्योंकि इस शो में वे अपने बेटे अध्यन सुमन के साथ पहली बार एक्टिंग करते दिखाई देंगे। पिछले दिनों अपने शो के प्रमोशन के दौरान वे अपने पुराने चैट शो 'सिंपली शेखर' के बारे में बातें करते नजर आए। इतना ही नहीं शेखर इंटरव्यू के दौरान दिवंगत अभिनेत्री परवीन बाबी के बारे में भी कई दिलचस्प खुलासे करते दिखे। इन दिनों सोशल मीडिया पर शेखर सुमन के शो 'सिंपली शेखर' का एक क्लिप काफी वायरल हो रहा है। उस क्लिप में परवीन बॉबी अमिताभ बच्चन के बारे में बातें करती नजर आ रही हैं। यह इंटरव्यू परवीन बॉबी ने अपनी मृत्यु से पहले दिया था। शेखर उन दिनों को याद करते हुए कहते हैं, 'एक दिन मुझे परवीन बॉबी का कॉल आया और उन्होंने मुझसे कहा कि वे मेरे शो 'सिंपली शेखर' का हिस्सा बनना चाहती हैं'। शेखर सुमन अपनी बात जारी रखते हुए कहते हैं, 'मैं परवीन बॉबी का साक्षात्कार करने के लिए काफी उत्साहित था, लेकिन आखिरी समय में उन्होंने कहा कि वे स्टूडियो नहीं आ पाएंगी।



# VVPAT वेरिफिकेशन पर सुप्रीम कोर्ट ने सुरक्षित रखा फैसला

## हम चुनाव और निर्वाचन आयोग को नियंत्रित नहीं कर सकते- सुप्रीम कोर्ट

- **हम मेरिट पर दोबारा सुनवाई नहीं कर रहे हैं। हम कुछ निश्चित स्पष्टीकरण चाहते हैं:** *-जस्टिस संजीव खन्ना*




एजेंसी | नई दिल्ली

इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (EVM) के वोटों और वोटर वेरिफिएबल पेपर ऑडिट ट्रेल (VVPAT) पर्चियों की 100% क्रॉस-चेकिंग की मांग पर सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को फैसला सुरक्षित रख लिया। जस्टिस संजीव खन्ना ने कहा कि हम मेरिट पर दोबारा सुनवाई नहीं कर रहे हैं। हम कुछ निश्चित स्पष्टीकरण चाहते हैं। हमारे कुछ सवाल थे और हमें जवाब मिल गए। फैसला सुरक्षित रख रहे हैं। इस मामले में सुनवाई आज 40 मिनट सुनवाई चली।

### 4 बिंदुओं पर स्पष्टीकरण

सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में फैसला सुरक्षित किए जाने के छह दिन बाद दोबारा से बुधवार को सुनवाई की। शीर्ष अदालत ने कहा कि हम सिर्फ 3-4 बिंदुओं पर स्पष्टीकरण चाहते हैं। कुछ चीजें तथ्यात्मक रूप से हमें सही करना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट ने इन सवालों का जवाब देने के लिए निर्वाचन आयोग के संबंधित अधिकारी को भोजनावकाश के बाद 2 सुनवाई के दौरान मौजूद रहने का आदेश दिया ताकि इन सवालों का जवाब मिल सके।

**पहला :** *माइक्रो कंट्रोलर नियंत्रण इकाई में लगा है या वीवीपैट में? ऐसा संकेत मिल रहा है कि हम इस धारणा में थे कि माइक्रोकंट्रोलर ईवीएम के नियंत्रण इकाई में लगा है। हमें बताया गया कि वीवीपैट में फ्लैश मेमोरी होती है।*

**दूसरा :** *क्या सिर्फ नियंत्रण ईकाई को सील किया जाता है या वीवीपैट को अलग से रखा जाता है, इस पर हम कुछ स्पष्टीकरण चाहते हैं।*

**तीसरा :** *चुनाव चिन्ह लोडिंग यूनिट्स का संदर्भ लेते हैं, उनमें से कितनी उपलब्ध हैं?*

**चौथा :** *चुनाव याचिका की सीमा 30 दिन है और इसलिए ईवीएम में डेटा 45 दिनों के लिए संग्रहीत किया जाता है। लेकिन जन प्रतिनिधित्व कानून के तहत इसे सुरक्षित रखने की सीमा 45 दिन है, इसकी अवधि तदनुसार बढ़ानी पड़ सकती है।*

### एडीआर ने दाखिल की है याचिका

दरअसल इस केस में याचिकाकर्ताओं की तरफ से एडवोकेट प्रशांत भूषण, गोपाल शंकरनारायण और संजय हेगड़े पैरवी कर रहे हैं। प्रशांत एसोसिएशन ऑफ डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) की तरफ से हैं। वहीं, चुनाव आयोग की ओर से अब तक एडवोकेट मनिंदर सिंह, अफसरों और केंद्र सरकार की ओर सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता मौजूद रहे हैं। इससे पहले 18 अप्रैल को जस्टिस संजीव खन्ना और जस्टिस दीपांकर दत्ता की बेंच ने 5 घंटे वकीलों और चुनाव आयोग की दलीलें सुनने के बाद फैसला सुरक्षित रखा था। पिछली सुनवाई में कोर्ट ने चुनाव आयोग से पूछा था कि क्या वोटिंग के बाद वोटर्स को VVPAT से निकली पर्ची नहीं दी जा सकती है। इस पर चुनाव आयोग ने कहा- वोटर्स को VVPAT स्लिप देने में बहुत बड़ा रिस्क है। इससे वोट की गोपनीयता से समझौता होगा और बूथ के बाहर इसका दुरुपयोग किया जा सकता है। इसका इस्तेमाल दूसरे लोग कैसे कर सकते हैं, हम नहीं कह सकते।

---

### न्यूज ब्रीफ

#### डीआरडीओ ने बनाया सबसे हल्का बुलेटप्रूफ जैकेट

**नई दिल्ली।** रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (डीआरडीओ) ने उच्चतम खतरे के स्तर 6 से सुरक्षा के लिए सबसे हल्का बुलेटप्रूफ जैकेट विकसित किया है। यह जैकेट गोला-बारूद से भी सैनिकों की रक्षा करेगी। एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गई है। रक्षा सामग्री और भंडार अनुसंधान एवं विकास प्रतिष्ठान (डीएमएसआरडीई), कानपुर ने इसे विकसित किया है। रक्षा मंत्रालय के मुताबिक, हाल ही में इस बुलेटप्रूफ जैकेट का बीआईएस 17051-2018 के अनुसार टर्मिनल बैलिस्टिक रिसर्च लेबोरेटरी (टीबीआरएल), चंडीगढ़ में सफलतापूर्वक परीक्षण किया गया था। यह जैकेट एक नए डिजाइन दृष्टिकोण पर आधारित है, जहां नई प्रक्रियाओं के साथ नवीन सामग्री का उपयोग किया गया है।

#### बीजेपी सांसद राजवीर दिलेर का निधन

**हाथरस।** यूपी की हाथरस लोकसभा सीट से बीजेपी सांसद राजवीर दिलेर का हार्ट अटैक से निधन हो गया है।



अलीगढ़ के एक अस्पताल में उन्होंने आखिरी सांस ली। वो लगातार पार्टी के लिए काम कर रहे थे। लोकसभा क्षेत्र में पार्टी के कार्यक्रमों में शामिल होने के साथ ही वो अलीगढ़ में हुई पीएम मोदी की सभा में भी दिखे थे। मौजूदा सांसद की अचानक मौत से पार्टी नेता स्तब्ध हैं। राजवीर के करीबी और कैराना सीट से बीजेपी सांसद प्रदीप चौधरी ने निधन पर दुख जताते हुए कहा, मेरे बहुत ही प्रिय मित्र और बड़े भाई के समान हाथरस से सांसद राजवीर दिलेर जी का दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया है। इस दुखद समाचार से स्तब्ध हूं। भगवान परिवारजनों को असहनीय दुख सहन करने की शक्ति प्रदान करें।

#### जीरो शैडो डे: गायब हो गई लोगों की परछाई



**बेंगलुरु।** कर्नाटक की राजधानी बेंगलुरु में बुधवार को लोगों ने एक अनोखी खगोलीय घटना का अनुभव किया। दोपहर 12:17 बजे से लेकर 12:23 बजे के बीच लोगों ने अपनी परछाई को गायब होते हुए देखा। बेंगलुरु में जीरो शैडो डे यानी शून्य छाया दिवस के अवसर पर लोगों ने यह होते देखा। यह साल में दो बार उस समय होता है, जब सूर्य सीधे ऊपर की ओर स्थित होता है। इसके परिणामस्वरूप दोपहर के समय वस्तुओं या किसी इंसान की छाया नहीं दिखाई देती है। यह घटना आम तौर पर भूमध्य रेखा के पास के क्षेत्रों में देखी जाती है, जब सूर्य का कोण पृथ्वी की सतह पर लगभग लंबवत होता है। इसकी वजह से हमारी कोई छाया नहीं बन पाती है। इसी कारण से इस स्थिति को जीरो शैडो कहा जाता है। वैज्ञानिकों के अनुसार, यह खास दिन पृथ्वी के अक्षीय झुकाव और सूर्य के चारों ओर इसकी कक्षीय गति के कारण होता है, जो पृथ्वी, सूर्य और बदलते मौसम के बीच गतिशील संबंधों को दर्शाता है।

---

# भाजपा के मुकाबले इंडिया ने 300 सीटों पर उतारा उम्मीदवार

## पश्चिम बंगाल, जम्मू कश्मीर और पंजाब में नहीं बन पाई गठबंधन की बात

एजेंसी | नई दिल्ली

तमाम मतभेदों और विवादों के बावजूद इंडिया गठबंधन करीब तीन सौ सीट पर उम्मीदवार उतारने में सफल रहा है। पश्चिम बंगाल, पंजाब और जम्मू-कश्मीर में गठबंधन को झटका लगा है। इन राज्यों में भी सीट बंटवारे पर सहमति बन जाती, तो चुनाव में साढ़े तीन सौ से अधिक सीट पर भाजपा के खिलाफ गठबंधन का एक उम्मीदवार होता।



### लोकसभा चुनाव 2019 में क्या रहा समीकरण?

- *कांग्रेस और भाजपा का 190 सीट पर सीधा मुकाबला हुआ। इनमें से 175 सीट पर भाजपा और 15 सीट पर कांग्रेस ने जीत दर्ज की थी।*
- *कांग्रेस और क्षेत्रीय दलों में 71 सीट पर चुनावी मुकाबला हुआ था। इनमें से 37 सीट पर क्षेत्रीय दल और 34 सीट पर कांग्रेस जीती थी।*
- *भाजपा और क्षेत्रीय दलों के बीच 185 सीट पर लड़ाई हुई थी। इन चुनाव में भाजपा को 128 और क्षेत्रीय पार्टियों को 57 सीट मिली थी।*

**ज्यादातर राज्यों में गठबंधन :** इंडिया गठबंधन उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड, दिल्ली, मध्य प्रदेश, गुजरात, हरियाणा, महाराष्ट्र, तमिलनाडु और गोवा में गठबंधन करने में सफल रहा। इन 10 राज्यों में लोकसभा की कुल 295 सीट हैं। पार्टी के एक वरिष्ठ नेता ने कहा कि कांग्रेस इंडिया गठबंधन के घटकदल के रूप में चुनाव लड़ रही है। पांचवें, छठवें और सातवें चरण के लिए पार्टी कुछ और सीट पर प्रत्याशी घोषित कर सकती है। दूसरी ओर पश्चिम बंगाल की 42, पंजाब की 13 और जम्मू-कश्मीर की पांच सीट पर गठबंधन नहीं हो सका। पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस और कांग्रेस आमने-सामने है वहीं पंजाब में कांग्रेस और आम आदमी पार्टी का मुकाबला है। जम्मू कश्मीर में कांग्रेस-नेशनल कॉन्फ्रेंस के सामने पीडीपी चुनाव लड़ रही है।

### 100 सीट पर भाजपा से सीधे मुकाबले की उम्मीद

उत्तर प्रदेश, गुजरात, हरियाणा और मध्य प्रदेश में कांग्रेस के गठबंधन में चुनाव लड़ने की वजह से भाजपा से सीधे मुकाबले वाली सीटों की संख्या कम हो गई। वर्ष 2019 के चुनाव में 190 सीट पर कांग्रेस-भाजपा का सीधा मुकाबला हुआ था, ऐसे में इन चुनाव मे यह संख्या घटकर सौ सीट के आसपास आ सकती है। हालांकि, क्षेत्रीय दलों से सीधा मुकाबले वाली सीट पर कोई खास असर नहीं पड़ेगा। वर्ष 2019 में कांग्रेस और क्षेत्रीय दलों में करीब 71 सीट पर मुकाबला हुआ था।

**सबसे कम सीट पर मैदान में कांग्रेस :** इंडिया गठबंधन की वजह के इन चुनाव में कांग्रेस जहां अपने इतिहास में सबसे कम सीट पर चुनाव लड़ रही है, वहीं उत्तर प्रदेश, बिहार, महाराष्ट्र और तमिलनाडु में पार्टी छोटे भाई की भूमिका में चुनाव लड़ रही है। उत्तर प्रदेश में पार्टी सिर्फ 17 सीट, बिहार में नौ और तमिलनाडु में नौ सीट पर पार्टी मैदान में हैं।

---

# रामदेव-बालकृष्ण ने विज्ञापन केस में दूसरा माफीनामा छपवाया



एजेंसी | नई दिल्ली

पतंजलि, बाबा रामदेव और बालकृष्ण ने बुधवार (24 अप्रैल) को अखबारों में एक और माफीनामा छपवाया। इसमें बिना शर्त कोर्ट से माफी मांगी गई है। पतंजलि पर अखबारों में विज्ञापन देकर एलोपैथी के खिलाफ निगेटिव प्रचार करने का आरोप है। मामले पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई चल रही है। पतंजलि ने बुधवार को छपवाए माफीनामे में लिखा- हमसे विज्ञापनों को प्रकाशित करने में हुई गलती के लिए ईमानदारी से बिना शर्त माफी मांगते हैं। ऐसी गलती दोबारा नहीं होगी। हम सावधानी के साथ सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों का पालन करने का वचन देते हैं।

### 22 अप्रैल को भी पतंजलि ने 67 अखबारों में माफीनामा छपवाया

इससे पहले 22 अप्रैल को भी पतंजलि ने 67 अखबारों में माफीनामा छपवाया था और भविष्य में ऐसी गलती नहीं दोहराने की बात कही थी। पतंजलि ने 23 अप्रैल को सुप्रीम कोर्ट में जस्टिस हिमा कोहली और जस्टिस अमानतुल्लाह की बेंच को इसकी जानकारी दी थी। जस्टिस हिमा कोहली ने पतंजलि से पूछा था- आपके विज्ञापन जैसे रहते थे, इस माफीनामे का भी साइज वही था? कृपया इन विज्ञापनों की कटिंग ले लें और हमें भेज दें। इन्हें बड़ा करने की जरूरत नहीं है। हम इसका वास्तविक साइज देखना चाहते हैं। जस्टिस कोहली ने कहा था- जब आप कोई विज्ञापन प्रकाशित करते हैं तो इसका मतलब यह नहीं कि हम उसे माइक्रोस्कोप से देखेंगे। सिर्फ पन्ने पर न हो, पढ़ा भी जाना चाहिए। पतंजलि, बाबा रामदेव और बालकृष्ण अगले दो दिन में ऑन रिकॉर्ड माफीनामा जारी करें, जिसमें लिखा हो कि उन्होंने गलती की। मामले की अगली सुनवाई 30 अप्रैल को होगी।

---

### कोर्ट का अनोखा आदेश

# 30 दिन तक सिग्नल पर ट्रैफिक पुलिस की मदद करेगा आरोपी

- **समझौते के बाद FIR रद**



**नई दिल्ली।** दिल्ली हाई कोर्ट ने पीड़ित महिला से समझौता होने के बाद एक व्यक्ति के खिलाफ दर्ज आपराधिक मामले को रद कर दिया है। हालांकि कोर्ट ने अपने अनोखे आदेश में उस व्यक्ति को 30 दिन तक सिग्नल पर ट्रैफिक पुलिस की मदद करने को कहा है। हाई कोर्ट ने आरोपी व्यक्ति की उस याचिका पर मंजूरी प्रदान कर दी जिसमें उसके खिलाफ दर्ज आपराधिक मामले को बंद करने की मांग की गई थी। उस व्यक्ति के खिलाफ धारा 354 (किसी महिला की गरिमा को ठेस पहुंचाने के इरादे से हमला करना), धारा 506 (आपराधिक धमकी), धारा 509 (किसी महिला के खिलाफ अशोभनीय शब्द, ईशारा या कृत्य) के तहत आपराधिक मामला दर्ज किया गया था। कोर्ट ने कहा कि चूंकि पीड़िता अब इस मामले को आगे नहीं बढ़ाना चाहती है इसलिए मामले को आगे जारी रखने से कोई उद्देश्य पूरा नहीं होगा। व्यक्ति के खिलाफ पूर्वी दिल्ली के प्रीत विहार थाने में उपरोक्त धाराओं के तहत आपराधिक मामला दर्ज किया गया था।

# थम नहीं रहा दिल्ली कांग्रेस में कलह

**नई दिल्ली।** दिल्ली में लोकसभा सीटों पर प्रत्याशियों की घोषणा के बाद से कांग्रेस में कलह मची है। कहीं पार्टी के कार्यकर्ता उम्मीदवारों का विरोध कर रहे हैं तो कहीं नेता पार्टी को अलविदा कह रहे हैं। 15 साल तक शीला सरकार में मंत्री रहे राजकुमार चौहान ने कांग्रेस से इस्तीफा दे दिया है। दिल्ली कांग्रेस में असंतोष थमने का नाम नहीं ले रहा है। शीला दीक्षित सरकार में 15 साल तक मंत्री रहे राजकुमार चौहान ने बुधवार को पार्टी से इस्तीफा दे दिया है। वह उत्तर पश्चिमी दिल्ली से टिकट नहीं मिलने से आहत थे।

**टिकट नहीं मिलने से आहत राजकुमार चौहान ने पार्टी से दिया इस्तीफा**

# कर्नाटक में सभी मुस्लिम हो गए ओबीसी

## पिछड़ा वर्ग आयोग की रिपोर्ट में खुलासा

एजेंसी | बेंगलुरु

लोकसभा चुनाव के बीच भाजपा आरक्षण के मुद्दे को लेकर लगातार कांग्रेस पर निशाना साध रही है। भाजपा ने आरोप लगाया है कि कांग्रेस की कोशिश है कि वो एससी और एसटी और ओबीसी का अधिकार मुसलमानों में बांट दे। इसी बीच राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग ने जानकारी दी कि कर्नाटक में शिक्षण संस्थानों और नौकरियों में मुस्लिम समुदाय को आरक्षण मिल रहा है। आयोग ने ये भी जानकारी दी कि कर्नाटक के मुस्लिमों की सभी जातियों और समुदायों को सरकारी नौकरियों एवं शिक्षण संस्थानों में आरक्षण दिया जा रहा है।



### कर्नाटक सरकार ने नहीं दी कोई स्पष्टीकरण : आयोग

राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष हंसराज अहीर ने कहा कि हमने इस मामले पर कर्नाटक सरकार से पूछा था कि आखिर किस आधार पर यह कोटा दिया जा रहा है। इस मामले पर हमें कोई स्पष्टीकरण नहीं मिला है। हंसराज गंगाराम अहीर के ओर से जारी बयान में कहा गया, कर्नाटक सरकार के नियंत्रणाधीन नौकरियों और शिक्षण संस्थानों में प्रवेश में आरक्षण हेतु कर्नाटक के सभी मुस्लिम धर्मावलंबियों को ओबीसी की राज्य लिस्ट में शामिल किया गया है। बयान में आगे लिखा है,१कर्नाटक सरकार के पिछड़ा वर्ग विभाग ने राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग को लिखित रूप में बताया है कि मुस्लिम और ईसाई जैसे समुदाय न तो जाति है और न धर्म है। कर्नाटक में मुस्लिम की आबादी 12.92 प्रतिशत है। राज्य में मुस्लिमों को धार्मिक अल्पसंख्यक माना जाता है।

---

# 9 राज्यों में अगले 5 दिन भीषण गर्मी की चेतावनी

एजेंसी | नई दिल्ली

भारतीय मौसम विभाग ने संभावना जताई है कि अगले 5 दिन उत्तर प्रदेश समेत 9 राज्यों में गर्मी हावी रहेगी। इस दौरान लू से लोग परेशान हो सकते हैं। IMD के मुताबिक, आने वाले दिनों में महाराष्ट्र, ओडिशा, उत्तर प्रदेश, तमिलनाडु, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश, पश्चिम बंगाल, झारखंड और बिहार के तापमान में 3 से 4 डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी होगी। इसके साथ ही मुंबई, ठाणे और रायगढ़ के लिए येलो अलर्ट जारी किया गया है।

### ओडिशा में तापमान पहुंचा 43 डिग्री के पार

ओडिशा की राजधानी भुवनेश्वर में सोमवार को अधिकतम तापमान 43 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच गया। यह 43.8 डिग्री रहा। राज्य में 28 अप्रैल तक तापमान 40 डिग्री के ऊपर रहेगा। IMD के अधिकारियों के मुताबिक, पूर्वी भारत के राज्यों में अगले 5 दिन में अधिकतम तापमान 44 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच सकता है।



### दिल्ली के मौसम में सुधार

*पिछले कई दिनों से दिल्ली और आसपास के इलाकों में गर्मी पड़ रही थी, लेकिन मंगलवार शाम को अचानक बदले मौसम ने तापमान को घटा दिया। IMD के मुताबिक, बुधवार को अधिकतम तापमान सामान्य से 1 डिग्री कम 36.8 और न्यूनतम तापमान सामान्य से 4 डिग्री कम 19 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। दिल्ली में 26 अप्रैल को बूंदाबांदी की संभावना जताई जा रही है। इससे पहले तेज हवाएं चलेंगी और मौसम सामान्य रहेगा।*

# 'पीएम के खिलाफ साजिश रचना देशद्रोह'

## दिल्ली हाईकोर्ट ने की सख्त टिप्पणी

एजेंसी | नई दिल्ली

दिल्ली हाईकोर्ट ने कहा कि प्रधानमंत्री के खिलाफ साजिश रचना देशद्रोह के समान है. सुनवाई करते हुए जस्टिस जसमीत सिंह ने कहा कि किसी व्यक्ति द्वारा प्रधानमंत्री के खिलाफ साजिश रचने का आरोप गैर-जिम्मेदाराना तरीके से नहीं लगाया जा सकता है और इसके लिए मामला ठोस और ठोस कारणों पर आधारित होना चाहिए. कोर्ट ने टिप्पणी करते हुए कहा कि "प्रधानमंत्री को निशाना बनाने की साजिश आईपीसी के तहत एक अपराध है." दरअसल, दिल्ली हाईकोर्ट बीजू जनता दल के सांसद पिनाकी मिश्रा द्वारा वकील जय अनंत देहाद्रई के खिलाफ दायर मानहानि के मुकदमे की सुनवाई कर रहा था. आरोपों के मुताबिक देहाद्राय ने पिनाकी मिश्रा पर प्रधानमंत्री मोदी को निशाना बनाने की साजिश में शामिल होने का आरोप लगाया है. कोर्ट ने देहाद्राय के वकील से कहा कि उन्हें उनकी अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के इस्तेमाल से कोई समस्या नहीं है, लेकिन देहाद्राय जो कह रहे हैं, उसके गंभीर परिणाम होंगे, क्योंकि इससे देश का सबसे बड़ा पद प्रभावित होगा. देहाद्राय पिनाकी पर प्रधानमंत्री के खिलाफ साजिश का आरोप कैसे लगा रहे हैं ?




**कोर्ट की सख्त टिप्पणी :** कोर्ट ने सख्ती से कहा कि प्रधानमंत्री के खिलाफ साजिश देशद्रोह के बराबर है और जब तक देहाद्राय, पिनाकी के खिलाफ इस तरह के आरोप को साबित नहीं कर पाते, तब तक निषेधाज्ञा आदेश पारित किया जाएगा। आप एक मौजूदा सांसद द्वारा प्रधानमंत्री के खिलाफ साजिश का गंभीर आरोप लगा रहे हैं। इस मामले की अगली सुनवाई में देहाद्राय अपने सबूत पेश करेंगे। उसके बाद अदालत तय करेगी कि मिश्रा के खिलाफ मानहानि का मामला बनता है या नहीं।

### पिनाकी मिश्रा vs अनंत देहाद्राय

*दरअसल, पिनाकी मिश्रा ने अनंत देहाद्राय पर उनके खिलाफ भ्रष्टाचार के आरोप लगाने और उन्हें "कैनिंग लेन", "ओडिया बाबू" और "पुरी का दलाल" कहने के लिए मुकदमा दायर किया है। ये मामला तृणमूल कांग्रेस की नेता महुआ मोइत्रा से जुड़ा हुआ है। पिनाकी मिश्रा ने कोर्ट में दाखिल याचिका में अनंत देहाद्राय से माफी मांगने और हर्जाने की मांग के अलावा, अपमानजनक आरोप लगाने से रोकने की मांग की है। साथ ही X और न्यूज एजेंसी ANI, PTI के प्लेटफार्मों पर मौजूद कथित अपमानजनक सामग्री को हटाने के लिए निर्देश देने की मांग की है।*

### TMC नेता से भी जुड़ा मामला

*आपको बता दें, इससे पहले महुआ मोइत्रा ने भी अनंत देहाद्राय पर मानहानि का मुकदमा किया था। हालांकि, हाईकोर्ट ने इस मामले में TMC नेता को अंतरिम राहत देने से इनकार कर दिया था। देहाद्राय ने भी मोइत्रा के खिलाफ मानहानि का मुकदमा दायर किया है। हाईकोर्ट अभी भी इस मामले पर विचार कर रहा है।*